दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
खबरें सड़क से संसद तक
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
वर्ष: 17 अंक 15 सीकर, शुक्रवार 13 मार्च 2026 Email : navyatndainik@gmail.com मूल्य 1 रुपया पृष्ठ 8

# आठ घंटे पैंथर की दहशत, हमले में एक महिला घायल

निसं

**रीगस ( नवयत्न )।** कस्बे के वार्ड तेइस में पांच साल के पैंथर ने आठ घंटे तक लोगों की सांसे थाम ली। पैंथर ने जलदाय विभाग के पास एक घर के कमरे में घुसकर एक महिला पर हमला कर दिया। इस पर महिला बुरी तरह से जख्मी हो गई। चीख पुकार सुन कर परिजन तथा आस पास के लोग घर में पहुंचे तथा घायल महिला को अस्पताल में भर्ती करवाया गया। निजी अस्पताल में महिला के के 15 टांके आये है। महिला पर हमला करने के बाद पैंथर जलदय विभाग से होते हुए सरकारी स्कूल के खेल मैदान से होते हुए सामोता के नौहरे में घुस गया। सूचना मिलते ही रींगस पुलिस मौके पर पहुंची तथा वन विभाग को सूचना दी। वन विभाग जयपुर तथा सीकर की टीम मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद पैंथर को ट्रेक्यूलाईज कर पकड़ा गया। पैंथर उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार को छोड़ा जायेगा।

### ऐसे चला घटनाक्रम

पैंथर का मूवमेंट सुबह करीब दस बसे वार्ड 23 में स्थित पीएनची बैंक के पास हुआ। उस समय जांगिड भवन में पैंथर घुस गया। पैंथर को देखते ही घर में रह रहे लोगों ने चीख पुकार कर कमरों के गेट बंद कर लिये। इसके बाद पैंथर राजू माहेश्वरी के घर में घूस गया। इसके बाद पैंथर पास ही स्थित शिम्भूदयाल कुमावत के घर में घुस गया। घर के गेट के सामने सड़क से जा रहे एक साईकिल सवार ने पैंथर को देखते ही साईकिल छोड़ कर भाग गया। इस पर पैंथर चहलकदमी करते हुए एक कमरे में घुस कर बैड पर बैठ गया। इसी दौरान नहाकर कर कमरे में घुसी महिला पर पैंथर में हमला घोल दिया। पैंथर के हमले में महिला के चेहरे व अन्य जगहों पर चोटे आई। चीख पुकार सुनकर परिजन व आस पास के घरों के लोग मौके पर पहुंचे लेकिन इसी दौरान पैंथर मौके से भाग गया। घायल आंची देवी पत्नी शिम्भूदयाल कुमावत को तत्काल निजी अस्पताल में भर्भी करवाया गया जहां पर उसे 15 टांके आये। इधर पैंथर जलदाय विभाग के सामने से होते हुए सतभाई स्कूल की दीवार फांद कर सामोता के बोहरे में घुस गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा नोहरे के आस पास लोगों को आने से रोक दिया। उपखण्ड अधिकारी की सूचना पर वन विभाग जयपुर तथा सीकर की टीम मौके पर पहुंची। वनविभाग की टीम ने पैंथर का र ट्रेक्यूलाईज किया गया। पैंथर सामोता के नोहरे में वने प्याज भंण्डार के एक गोदाम में घूस गया।



कॉफी प्रयास के बाद करीच आठ घंटे बाद उसे वन विभाग की टीम ने पकड़ लिया। इसके चाद उसे पींजरे में डाल दिया गया। इस दौरान लोगो की सांसे उपर नीचे अटकी रही। इस दौरान विधायक सुभाष मील, उपखण्ड अधिकारी बृजेश कुमार गुप्ता, थानाप्रभारी सुरेश कुमार देवन्दा, जयपुर सीकर वन विभाग की टीम के सदस्य आसूचना अधिकारी विजय कुमारी मीणा, कमलेश कुमार, गोविन्द शर्मा, आयुष कानूनगो, अशोक कुमार, संजय डाकवाला के अलावा रींगस थाने के पुलिस कर्मी व जाब्ता मौजूद रहा।

### वाहन में बैठ कर करना पड़ा ट्रेक्यूलाईज

पैंथर पर वनविभाग ने दोपहर दो बजे के करीब गन से ट्रैक्यूलाईज किया। लेकिन पैंथर इसके बाद नोहरे में उगी झाड़ियों में छीप गया। पैंथर को पकड़ने के लिए जैसे ही टीम झाड़ियो के पास पहुंची तो हलचल तेज हो गई। इस पर टीम को पीछे छूटना पड़ा। इसके बाद काफी प्रयास के बाद पैंथर को फिर से ट्रैक्यूलाईज करने के लिए वन विभाग को एक वाहन में बैठकर फिर से अन्दर घुसना पड़ा। पैंथर को दूसरी बार में ट्रेक्यूलाईज कर वन विभाग की टीम ने उसे पकड़ लिया।

### एसडीएम ने संभाला मोर्चा

उपखण्ड अधिकारी बृजेश कुमार गुप्ता पैंथर के पकड़े जाने तक मौके पर मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने विभिन्न स्कूलों को निर्देश दिए की सूचना मिलने तक बच्चों की छुट्टी नहीं की जाये क्योकि जैसे ही बच्चों की छूट्टी होगी हो सकता है पैंथर हमला बोल दे। इससे बच्चे घायल हो सकते हैं। इसके बाद स्कूलों ने बच्चों की छुट्टी रोक ली। पैंथर के पकड़े जाने के बाद सभी ने राहत की सांस ली। इसके बाद सूचना पर बच्चों के स्कूलों की छूट्टी की गई। वही मौके पर थानाधिकारी सुरेश कुमार सूचना मिलने के मात्र पांच मिनट में मौके पर पहुंच गये।



### विधायक भी रहे मौजूद

वहीं इस संबंध में खण्डेला विधायक सुभाष मील ने कहा कि उन्हें सूचना मिली की रींगस में एक पैंथर ने हमला कर दिया है तो उन्होंने तुरंत सभी विभागों को अलर्ट कर उपखण्ड अधिकारी से बात की। मौके पर पहुंच कर अपडेट लेते रहे तथा किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचने का आह्वान करते रहे। पैंथर के पकड़े जाने तक वहीं डटे रहे।

## पुलिस कांस्टेबल बीस हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी की स्पेशल यूनिट उदयपुर ने ट्रैप की कार्रवाई करते हुए वृत्त नगर पूर्व की स्पेशल टीम के पुलिस कांस्टेबल नागेन्द्र सिंह को बीस हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। वहीं इस मामले में टीम के अन्य सदस्य शक्ति सिंह एसआई, अर्जुन सिंह हेड कांस्टेबल और अनिल मीणा कांस्टेबल की तलाश जारी है। एसीबी पुलिस महानिदेशक गोविन्द गुप्ता ने बताया कि परिवादी ने शिकायत दी थी कि उसका एकलिंगपुरा अंडरपास के पास प्रताप नगर रोड की ओर कार सर्विस का गैराज है। करीब चार-पांच दिन पहले नागेन्द्र सिंह, शक्ति सिंह, अर्जुन सिंह और अनिल मीणा सादी वर्दी में सरकारी वाहन से उसके गैराज पर पहुंचे और गाड़ियों के बोनट खोलकर जांच की। उन्होंने परिवादी को चोरी की गाड़ियां काटने, गैराज में नाबालिगों से काम कराने और जीएसटी नहीं भरने का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज करने व गैराज सीज कराने की धमकी दी। शिकायत के अनुसार पुलिसकर्मी कार्रवाई नहीं करने और परेशान नहीं करने की एवज में 50 हजार रुपये मासिक रिश्वत मांग रहे थे। परिवादी के आग्रह करने पर 25 हजार रुपये लेने पर सहमति बनी। इस मामले की सत्यापन कार्रवाई 6 मार्च 2026 को स्पेशल यूनिट उदयपुर के प्रभारी अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजीव जोशी के नेतृत्व में पुलिस निरीक्षक लक्ष्मण डांगी ने की। सत्यापन में आरोपियों द्वारा परिवादी महेंद्र डांगी से 25 हजार रुपये रिश्वत मांगने तथा बाद में 20 हजार रुपये लेने पर सहमति की पुष्टि हुई। इसके बाद एसीबी टीम ने ट्रैप कार्रवाई करते हुए नागेन्द्र सिंह को परिवादी से 20 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह स्पेशल टीम के अन्य सदस्यों के साथ अक्सर सरकारी वाहन से सर्कल में जाता है। लेकिन घटना के दिन वह अकेले मोटरसाइकिल से आया था। एसीबी के अनुसार स्पेशल टीम के अन्य सदस्य शक्ति सिंह, अर्जुन सिंह और अनिल मीणा की तलाश की जा रही है।

## नवीन झाझड़िया का सीए फाउंडेशन परीक्षा में चयन



संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिला मुख्यालय स्थित राजस्थान पब्लिक उच्च माध्यमिक विधालय एगणपति नगर, झुंझुनू के मेधावी छात्र नवीन झाझड़िया पुत्र जयप्रकाश झाझड़िया, झाझड़िया की ढाणी सीगड़ा का प्रथम प्रयास में सीए फाउंडेशन परीक्षा में चयन हुआ है। छात्र की सफलता पर संस्था निदेशक इंजी. प्यारेलाल ढूकिया, सचिव इंजी. पीयूष ढूकिया, प्रधानाचार्य शुभकरण खीचड़ ने शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं की। इंजी. ढूकिया ने कहा कि नवीन विद्यालय का नियमित छात्र रहा है। मेधावी नवीन झाझड़िया ने अपनी सफलता का श्रेय संस्था निदेशक इंजी. प्यारेलाल ढूकिया, माता-पिता एवं गुरुजनों की मेहनत और स्वयं की लग्न को दिया हैं। इस अवसर पर विधार्थी का संस्था परिसर में माल्यार्पण कर मिठाई खिलाकर स्वागत किया व अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा का आधार बताया। इस अवसर पर अभिभावक जयप्रकाश झाझड़िया, नरेन्द्र ढ़ाका, हरेन्द्र डारा, नितेश लामोरिया, प्राध्यापक सुधीर शर्मा, मंगलाराम, महावीर शर्मा, मनीष सैनी मौजूद रहे।

## पटवारी व ग्राम प्रतिहारी तीस हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी की जयपुर ग्रामीण टीम ने ट्रैप की कार्रवाई करते हुए जयपुर के बस्सी क्षेत्र में पटवारी और ग्राम प्रतिहारी को तीस हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। एसीबी पुलिस महानिदेशक गोविंद गुप्ता ने बताया कि कार्रवाई में ग्राम पंचायत मानसर खेड़ी के ग्राम प्रतिहारी अशोक कुमार शर्मा तथा पटवार हल्का झर के पटवारी और अतिरिक्त चार्ज मानसर खंडी तहसील बस्सी के विकम बुनकर को गिरफ्तार किया गया है। जहां परिवादी ने एसीबी जयपुर ग्रामीण चौकी में शिकायत दी थी कि उसकी कृषि भूमि का सह खातेदारों के बीच आपसी सहमति से विभाजन कराने के लिए पटवारी को प्रार्थना पत्र दिया गया था। आरोप है कि इस कार्य को करने की एवज में पटवारी द्वारा रिश्वत की मांग कर उसे परेशान किया जा रहा था। शिकायत के सत्यापन के बाद एसीबी ने कार्रवाई की योजना बनाई। एसीबी



जयपुर ग्रामीण चौकी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील सिहाग के नेतृत्व में ट्रैप कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई के दौरान आरोपी अशोक कुमार शर्मा और विकम बुनकर को परिवादी से तीस हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया गया।

## एलपीजी और महंगाई को लेकर कांग्रेस करेगी आंदोलन
### गहलोत ने कहा- देश में अघोषित इमरजेंसी जैसे हालात; डोटासरा बोले- जनता की आवाज को दबाया जा रहा



जयपुर।

पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने कहा कि लोकतंत्र खतरे में है, देश में अघोषित इमरजेंसी चल रही है। न्यायपालिका और एजेंसियां दबाव में काम कर रही है। लोकसभा में काम नहीं हो रहा है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि आज एलपीजी के दाम आसमान छू रहे हैं और लोग कतारों में खड़े होने को मजबूर हैं, लेकिन उनकी आवाज को दबाया जा रहा है। आने वाले दिनों में एलपीजी सिलेंडर की भारी कमी व बढ़ती कीमतों को लेकर कांग्रेस बड़ा आंदोलन छेड़ेगी। दोनों नेताओं ने ये बात दांडी मार्च की वर्षगांठ पर कहीं।

पूर्व सीएम अशोक गहलोत के नेतृत्व में शहीद स्मारक से सेंट्रल पार्क के गांधी म्यूजियम तक मौन पैदल मार्च निकाला गया। महात्मा गांधी की पोस्टर हाथ में लेकर चलते गहलोत और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा।

पूर्व सीएम अशोक गहलोत के नेतृत्व में शहीद स्मारक से सेंट्रल पार्क के गांधी म्यूजियम तक मौन पैदल मार्च निकाला गया। महात्मा गांधी की पोस्टर हाथ में लेकर चलते गहलोत और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा।

### गहलोत बोले- देश में जन आंदोलन की जरूरत

गहलोत ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि ब्रिटिश हुकूमत ने भारतीयों पर खूब अत्याचार किए थे। नमक पर टैक्स लगा दिया था,तब आज ही के दिन 12 मार्च 1930 को महात्मा गांधी की ओर से दांडी मार्च निकाला था। उन्होंने अपने 78 साथियों के साथ इस यात्रा को शुरू किया था। देखते ही देखते ही यह पूरे देश में एक जन आंदोलन बन गया था। गहलोत ने कहा कि आज जो देश में विकट हालात बन गए हैं। देश में महंगाई और बेरोजगारी के हालात हैं। इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा। हमने हमारी सरकार में अहिंसा निदेशालय का गठन किया था। उसका मकसद यही था कि महात्मा गांधी के अहिंसात्मक आंदोलन और उनके जीवन को लेकर लोगों को जागरूक किया जाए।

### जूली बोले- आज देश के हालात ठीक नहीं

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि सभी धर्म-जाति के लोग गांधी के दांडी मार्च में शामिल हुए क्योंकि ये लोगों के जीवन से जुड़ी बात थी। आज देश में हालात ठीक नहीं है। लगातार लोगों की आवाज दबाई जा रही है। यह ठीक नहीं है। सरकार को इन बातों पर ध्यान देना चाहिए।

## नकली किताबें से सावधान रहें
### बच्चों का भविष्य असली किताबों में है

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** राजस्थान राज्य पाठ्य पुस्तक मंडल ने चेतावनी जारी करते हुए बताया कि बाजार में कुछ विक्रेता पाठ्य पुस्तक मंडल की किताबों की नकली प्रतियों का भंडारण कर बेच रहे हैं जो कि न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि बच्चों के भविष्य के साथ भी खिलवाड़ है। गौरतलब है कि राजस्थान सरकार के अधीन पाठ्य पुस्तक मंडल उच्च गुणवत्ता की प्रामाणिक एवं उच्च स्तर की मानक पुस्तकों का प्रकाशन एवं वितरण करता है। वहीं कालाबाजारी करने वाली कुछ प्रिंटिंग प्रेस व पुस्तक विक्रेता घटिया गुणवत्ता वाले कागज व हानिकारक केमिकल युक्त स्याही का उपयोग कर नकली पुस्तकें कालाबाजारी से बेच रहे हैं, जो कि बच्चों के लिए स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक है। इससे राजकोष को भी नुकसान पहुंच रहा है। मंडल ने आमजन से राजस्थान सरकार द्वारा अधिकृत एवं प्रमाणिक मानक पुस्तक ही खरीदने की अपील करते हुए बताया कि पुस्तक खरीदते समय

### बाजार में नकली किताबों की कालाबाजारी करने वाले विक्रेताओं पर होगी कठोर कार्रवाई

उसके कागज की क्वालिटी एवं उसके ऊपर लगा वाटर मार्क ;आरएसटीबीद्ध की भी जांच करें। मंडल ने बताया कि विक्रेताओं द्वारा नकली पुस्तक बेचते हुए पाए जाने पर नियमानुसार कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी, जिसमें बड़ी शास्ति आरोपित करने व मुकदमा दर्ज करने का भी प्रावधान है।

### यह है पाठ्य पुस्तक मंडल की प्रक्रिया

राजकीय विद्यालय में पढ़ने पर नि:शुल्क मिलती हैं पुस्तकें, पुस्तक विक्रेता अपना रजिस्ट्रेशन पाठ्य पुस्तक मंडल के यहां करवाते हैं, इसके पश्चात पुस्तकें प्रकाशित की जाती हैं। इसके बाद जिला स्तर पर वितरण केंद्र के माध्यम से विक्रेता पुस्तकें क्रय करते हैं। वहीं राजकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए शिक्षा विभाग के माध्यम से पुस्तक नि:शुल्क वितरित की जाती हैं। निजी शिक्षण संस्थाएं भी मांग कर वितरण केंद्र से पुस्तकें क्रय कर सकती हैं।



# जिले में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की निर्बाध आपूर्ति हो रही सुनिश्चित

निसं

**चूरू (नवयत्न)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुसार चूरू जिले में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने गुरुवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेस वार्ता को संबोधित कर जिले में एलपीजी गैस सिलेंडर आपूर्ति की जानकारी दी। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि जिले में उपभोक्ताओं को गैस एजेंसियों के माध्यम से घरेलू एलपीजी गैस की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। उपभोक्ताओं को समय पर घरेलू एलपीजी गैस उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन सतर्क है। जिले में चिकित्सीय, शैक्षणिक व राजकीय संस्थानों में निर्बाध गैस सिलेंडर उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है, जिससे आवश्यक सेवाओं में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। जिला कलक्टर ने बताया कि जिले में वर्तमान में करीब 05 लाख 14 हजार 654 एलपीजी उपभोक्ता हैं। इनमें 05 लाख 13 हजार 951 घरेलू उपभोक्ता व 1063 वाणिज्यिक उपभोक्ता हैं। जिले में 23 इंडियन ऑयल, 12 भारत पेट्रोलियम व 08 हिंदुस्तान पेट्रोलियम सहित कुल 43 एजेंसियां संचालित हैं। घरेलू गैस सिलेंडर का वर्तमान मूल्य 929.50 रुपये है। इसी क्रम में जिले में 04 सीएनजी स्टेशन संचालित हैं और उनकी दैनिक खपत 6000 किलोग्राम है। वर्तमान में कंपनियों के पास 26456 किलोग्राम गैस स्टॉक उपलब्ध है। इसलिए सीएनजी की उपलब्धता भी पूरी तरह सामान्य और पर्याप्त है। उन्होंने बताया कि जिले में ऑयल कंपनियों द्वारा एलपीजी की आपूर्ति के परिप्रेक्ष्य में जिला नोडल अधिकारी की नियुक्ति की गई है। जिले में जिला सतर्कता यूनिट द्वारा गैस एजेंसियों एवं बॉटलिंग प्लांट का भौतिक निरीक्षण कर सतत गैस आपूर्ति हेतु निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। इसी के साथ एलपीजी वाहनों के सुगम परिवहन हेतु पुलिस व प्रशासन के सहयोग से ग्रीन कोरिडोर स्थापित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं को आवश्यकतानुसार निर्धारित समयावधि 25 दिन के भीतर गैस सिलेंडर की बुकिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि जिले में गैस के पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है तथा कालाबाजारी के अंकुश के लिए टीमें गठित की गई है। प्रवर्तन निरीक्षक, पुलिस थानाधिकारी व तहसीलदार की संयुक्त टीमें गठित कर घरेलू गैस सिलेंडरों के वाणिज्यिक उपयोग, अवैध भंडारण व रीफिलिंग गतिविधियों तथा कालाबाजारी पर कड़ी निगरानी रखते हुए नियमित निरीक्षण व कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। ऐसे मामलों में आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 एवं द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस आपूर्ति का विनियमन एवं वितरण आदेश 2000 की सुसंगत धाराओं व नियमों तथा संबंधित नियंत्रण आदेशों के अंतर्गत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। जिला कलक्टर ने बताया कि ऑयल कंपनियों द्वारा आवश्यक कदम उठाते हुए घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति 25 दिवस के अंतराल पर उपभोक्ता के घरों पर ही किए जाने का निर्णय लिया गया है। साथ ही आपूर्ति आधार जनित ओटीपी तथा डिजीटल बुकिंग एंड डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड द्वारा की जा रही है। ऑयल कंपनियों को पूर्ण निगरानी रखने तथा वैध पंजीकृत उपभोक्ताओं को ही आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला कलक्टर सुराणा ने जिलेवासियों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना या अफवाहों के आधार पर घबराने की आवश्यकता नहीं है। आमजन से भी पैनिक बुकिंग नहीं करें तथा घरेलू गैस का अनावश्यक भंडारण नहीं करें। गैस के उपयोग में मितव्ययता बरतें तथा सोलर कुकर, इलेक्ट्रिक इंडक्शन चूल्हा आदि वैकल्पिक ईंधन साधनों का भी उपयोग करें। उन्होंने अपील की है कि आमजन घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध उपयोग, रीफिलिंग या कालाबाजारी की सूचना तत्काल संबंधित अधिकारियों को दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके और उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। उन्होंने आमजन से अपील की कि यदि कहीं गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी या अवैध गतिविधि की सूचना मिले तो तुरंत उपभोक्ता मामलात विभाग की हेल्पलाइन नंबर 14435, संपर्क हेल्पलाइन नंबर 181, पुलिस हेल्पलाइन 112 अथवा जिला कंट्रोल रूम नंबर 01562-250927 पर संपर्क कर सूचना दें। इस दौरान एडीएम अर्पिता सोनी, डीएसओ अंशु तिवाड़ी, प्रवर्तन निरीक्षक संपत कुमार, वसीम सहित मीडियाकर्मी मौजूद रहे।



## भाटी को मिली कांग्रेस प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी

निसं



**तारानगर (नवयत्न)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ में भालेरी निवासी मोहम्मद असलम भाटी को प्रदेश सचिव पद की जिम्मेदारी दी गई है। यह नियुक्ति ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी एवं राजस्थान मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष एमडी चौपदार की अनुशंसा पर की गई है। इस नियुक्ति पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में खुशी का माहौल है। भाटी ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है, उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे तथा कांग्रेस पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। उन्होंने प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व, वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं का धन्यवाद व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत करने और जनता की समस्याओं को उठाने के लिए वे लगातार काम करेंगे। इकबाल भाटी, जावेद बेहलीम, बाबू खान, तिलोक नायक, सीता राम, शंकर, राजेश कस्वाँ, साबिर, आवेश भाटी, अयूब भाटी, युनुस भाटी, आरिफ बेहलीम, अकरम बेहलीम, रुस्तम बेहलीम, मुंशी काजी, सरोज अली नागरा, रफीक खान, भालेरी कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने खुशी व्यक्त की।

## जिला रिसोर्स पर्सन डीआरपी पैनल हेतु आवेदन आमंत्रित

निसं

**चूरू (नवयत्न)।** कृषि विपणन विभाग द्वारा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योग उन्नयन योजना पीएमएफएमई अंतर्गत जिला रिसोर्स पर्सन डीआरपी के पैनल में सम्मिलित किए जाने हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। कृषि उपज मण्डी समिति सचिव विशाल ने बताया कि योजना अंतर्गत डीआरपी का मुख्य कार्य खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में नए एवं मौजूदा उद्यमियों को योजना से जोड़ना, उन्हें आवेदन प्रक्रिया में सहयोग देना तथा इकाई स्थापित कराने में मार्गदर्शन प्रदान करना होगा। प्रत्येक स्थापित एग्रो-प्रोसेसिंग यूनिट पर डीआरपी को 20,000 रुपये मानदेय देय होगा, जिसमें से 50 प्रतिशत राशि ऋण स्वीकृति के पश्चात तथा शेष 50 प्रतिशत राशि मशीनरी स्थापित होने पर प्रदान की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन पत्र कृषि उपज मण्डी समिति, चूरू कार्यालय से प्राप्त कर भरकर जमा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि पात्रता हेतु आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष व न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता स्नातक ग्रेजुएशन होना आवश्यक है। आवेदक को आधार कार्ड, पैन कार्ड व बैंक पासबुक की प्रति, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र आदि आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योग उन्नयन योजना के अंतर्गत खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में नए एवं मौजूदा उद्यमियों को 35 प्रतिशत पूंजीगत अनुदान अधिकतम 10 लाख रुपये प्रदान किया जाता है। योजना के तहत उद्यमियों को निःशुल्क आवेदन सहायता, प्रशिक्षण एवं तकनीकी मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाता है तथा बैंक से ऋण के साथ 35 प्रतिशत सब्सिडी का लाभ प्रदान किया जाता है।

### यह उद्योग कर सकते हैं स्थापित

योजना अंतर्गत अचार निर्माण, हल्दी प्रसंस्करण, पशु आहार उद्योग, पापड़ निर्माण, मसाला उत्पादन, बड़ी निर्माण, मिर्च पाउडर, ब्रेड एवं बिस्कुट निर्माण, पोहा निर्माण, आटा चक्की उद्योग, चिप्स निर्माण, उपमा निर्माण, मखाना प्रसंस्करण, नूडल्स निर्माण, जैमध्जैली निर्माण, गुड़ उत्पादन, फलों के जूस पैक्ड, साबूदाना निर्माण, धनिया पाउडर, नमकीनमिक्सचर, पास्त/मेकोनी निर्माण, मिठाई निर्माण, पॉपकॉर्न निर्माण, दाल मिल, तेल मिल, तिलकुट गजक निर्माण, आइसक्रीम निर्माण, ओट्स निर्माण, स्नैक्स निर्माण, पनीर निर्माण, केक निर्माण, चटनी निर्माण, टोस्ट निर्माण, मिल्क प्लांट उद्योग, घी उद्योग आदि उद्योग स्थापित किए जा सकते हैं। अधिक जानकारी एवं आवेदन पत्र प्राप्त करने के लिए इच्छुक अभ्यर्थी कृषि उपज मण्डी समिति, चूरू कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

## महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित

निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, नवीन तारानगर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इच्छुक अभिभावक अपने बच्चों के प्रवेश के लिए निर्धारित तिथियों के भीतर आवेदन कर सकते हैं। विद्यालय के संस्था प्रधान डॉ अशोक जांगिड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रवेश के लिए आवेदन पत्र 14 मार्च से 23 मार्च 2026 तक ऑनलाइन भरे जाएंगे। अभिभावकों की सुविधा के लिए विद्यालय परिसर में ही निःशुल्क ऑनलाइन आवेदन की व्यवस्था भी उपलब्ध कराई गई है ताकि सभी अभिभावक आसानी से आवेदन कर सकें। प्राप्त आवेदनों में से विद्यार्थियों का चयन 25 मार्च को ऑनलाइन लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा। संस्था प्रधान डॉ जांगिड़ ने अभिभावकों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि के भीतर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करें, क्योंकि विद्यालय में सीटों की संख्या सीमित है। उन्होंने बताया कि महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, नवीन तारानगर में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ खेल, सह-शैक्षणिक गतिविधियों एवं आधुनिक शैक्षिक सुविधाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है।

## ब्लॉक स्तरीय अटल जन सेवा शिविर में उठी ग्रामीण समस्याएं

निसं

**सरदारशहर (नवयत्न)।** ब्लॉक स्तरीय अटल जन सेवा शिविर में ग्राम पंचायत राजास के ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान ग्रामीणों ने पेयजल, बिजली और रोजगार से जुड़ी समस्याओं के समाधान की मांग उठाई। ग्राम पंचायत राजास के रूपचन्द सहारण ने बताया कि गांव में पीने के पानी की गंभीर समस्या बनी हुई है। इस संबंध में जलदाय विभाग के अधिकारियों को कई बार अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने मांग की कि राजास गांव में जल्द से जल्द पेयजल टंकी का निर्माण कराया जाए। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत डाली गई पाइपलाइन भी सही तरीके से नहीं डाली गई, जिसके कारण गांव में पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। ग्रामीणों ने गांव में कटी-फटी बिजली केबल, कम वोल्टेज की समस्या और टेढ़े-मेढ़े बिजली पोलों की स्थिति को लेकर भी अधिकारियों को अवगत कराया। साथ ही बताया कि दीनदयाल उपाध्याय योजना 2019 के तहत ढ़ाणियों में बिजली लाइन तो डाल दी गई, लेकिन आज तक वहां डीपी ट्रांसफॉर्मर स्थापित नहीं किए गए हैं। इसके चलते ढ़ाणियों में बिजली कनेक्शन नहीं हो पाए हैं। उन्होंने बताया कि 2-3 ढ़ाणियों के ग्रामीणों से वर्ष 2019 में 3800 रुपए की रसीद भी काट ली गई, लेकिन अब तक कनेक्शन नहीं मिला है, जिससे वहां रहने वाले बच्चों की पढ़ाई पर भी असर पड़ रहा है। इसके अलावा ग्रामीणों ने मनरेगा कार्य जल्द शुरू करने, श्रमिक डायरी की ई-मित्र केंद्रों पर हो रही कथित कालाबाजारी बंद करने तथा ब्लॉक स्तर पर श्रम विभाग का कार्यालय खोलने की मांग भी रखी। ग्रामीणों का कहना है कि इससे मजदूरों को श्रमिक डायरी का नवीनीकरण, नाम व आधार सुधार तथा बंद पड़ी योजनाओं को शुरू करवाने में सुविधा मिलेगी।

इस दौरान ज्ञापन देने वालों में धीरेंद्र सैनी, महावीर धेतरवाल, बजरंग, सत्यनारायण कम्मा सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।




## दस वर्ष पुराने मामले में अभियुक्त दोषमुक्त

निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार मीणा ने एनडीपीएस के एक दस वर्ष पुराने प्रकरण में अभियुक्त को दोषमुक्त किया है। मामले में अभियुक्त की ओर से पैरवी करने वाले अधिवक्ता पवन योगी ने बताया कि तारानगर पुलिस ने सारायण निवासी मनीराम नाथ के कब्जे से 7 किलो 900 ग्राम गांजा बरामदगी के मामले में आरोप पत्र पेश किया था जिसमें न्यायालय ने दस वर्ष लम्बे विचारण के बाद अभियुक्त मनीराम नाथ को दोषमुक्त घोषित कर दिया। अभियुक्त मनीराम नाथ की ओर से मामले में पैरवी एडवोकेट पवन योगी, महेन्द्र कुमार यादव, प्रदीप योगी व बलवान शिला ने की।

## पुलिस ने होटलों को खंगाला, संचालकों को दी विशेष हिदायत



निसं

**लाडनूं (नवयत्न)।** एसपी ऋचा तोमर के निर्देश पर लाडनूं में होटलों की सघन जांच की गई। थाना अधिकारी सीआइ शिंभू दयाल मीणा ने पुलिस जाब्ते के साथ लाडनूं बाईपास रोड स्थित होटल मिलन, गणगौर और बीडीएस रेस्टोरेंट विभिन्न होटलों का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस टीम ने होटलों में रखे आगंतुक रजिस्टरों की बारीकी से जांच की और वहां ठहरने वाले बाहरी व्यक्तियों की पहचान का सत्यापन किया। सीआई मीणा ने बताया कि होटल में ठहरने वाले सभी आगंतुक जनों के आधार कार्ड और उनके स्थायी पते की जांच की गई ताकि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की गतिविधि पर नजर रखी जा सके। इसके अलावा होटल परिसरों के बाहर खड़े संदिग्ध वाहनों की भी तलाशी ली गई। पुलिस टीम ने होटल के अंदर और बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्य स्थिति का निरीक्षण करते हुए संचालकों को निर्देश दिए कि सभी कैमरे सुचारू रूप से चालू रखें और इनकी रिकॉर्डिंग नियमित रूप से सुरक्षित रखने की हिदायत दी। सीआई मीणा ने कहा कि होटलों में बिना वैध पहचान पत्र और रजिस्टर में एंट्री किए किसी भी बाहरी व्यक्ति को कमरा नहीं दिया जाए। साथ ही किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने के लिए भी कहा गया। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए इस तरह की जांच कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

## बिजली पोल शिफ्टिंग और खुले चैंबर की समस्या



निसं

**सरदारशहर (नवयत्न)।** पंचायत समिति सभागार में आयोजित अटल जन सेवा शिविर के दौरान शहर की विभिन्न समस्याओं को लेकर अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया। आरएलपी नेता धीरेंद्र सैनी के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने अर्जुन क्लब के पास एलटी बिजली लाइन के पोल को शिफ्ट करने की मांग उठाई।

ज्ञापन में बताया गया कि अर्जुन क्लब के पास मुख्य सड़क पर बिजली के पोल लगे होने के कारण आए दिन ट्रैफिक व्यवस्था प्रभावित होती है और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ऐसे में पोल को जल्द शिफ्ट कर सड़क को सुरक्षित बनाने की मांग की गई। इसके अलावा प्रतिनिधिमंडल ने पीपल बालाजी मंदिर के पास नगर परिषद द्वारा हाल ही में बनाए गए सीसी रोड के चैंबर खुले पड़े होने का मुद्दा भी उठाया।

उन्होंने बताया कि चैंबर खुले होने से आए दिन हादसों का खतरा बना रहता है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या के समाधान के लिए चैंबरों को जल्द ढकने और व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की गई। इस दौरान ज्ञापन देने वालों में सत्यनारायण सैनी, बबलू, धीरेंद्र सैनी, रूपचंद राजास, दिलीप कालेरा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## सड़क टूटी, वाहन चालक परेशान



निसं

**चिड़ासन (नवयत्न)।** पीडब्ल्यूडी की अनदेखी की पीड़ा पिछले दो-तीन साल से मानोता जाटाना, चिड़ासन के बाशिंदे झेल रहे हैं। जर्जर होकर बिखर रही चिड़ासन मानोता जाने वाली सड़क के पुननिर्माण के लिए के लोगों ने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को कई बार पत्र लिखे चुके हैं। इस सड़क का निर्माण 13 नवंबर 2014 में हुआ था।

सड़क का निर्माण कराए हुए लगभग 11 वर्ष पूरे हो चुके हैं । इतनी लापरवाही के चलते उस निर्माण के बाद इस सड़क पर आज दिनांक तक कभी पेचवर्क नहीं हुआ है सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों की अनदेखी के चलते यह सड़क अब जगह-जगह से गड्ढो में तब्दील हो गई है। इस सड़क पर एक बार भी मरम्मत कार्य नहीं हुआ है यह सड़क पूरी तरह खत्म हो चुकी है। इस सड़क पर रोजाना झुंझुनू कस्बे एवं सिंघाना कस्बे में जाने वाले लोगों का आवागमन बड़ी संख्या में होता है।

ग्रामीणों ने पत्र में इस जर्जर सड़क का जल्द से जल्द पुनर्निर्माण करवाने की मांग सार्वजनिक निर्माण के अधिकारियों कई बार कर चुके है।

## झड़ाया बालाजी मंदिर में रामनवमी पर होगा विशाल मेले का आयोजन

निसं

**उदयपुरवाटी (नवयत्न)।** उपखंड क्षेत्र के झड़ाया बालाजी मंदिर परिसर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्षभी आगामी 27 मार्च को रामनवमी के अवसर पर विशाल मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले की तैयारियो को लेकर गुरुवार को झड़ाया बालाजी मंदिर परिसर में मंदिर के महंत महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री सीताराम दास जी महाराज के सानिध्य में मीटिंग का आयोजन किया गया। समाजसेवी मदनलाल भावरिया ने मीटिंग के दौरान बोलते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि मेले ही हमारी संस्कृति की धरोहर हैं, क्योंकि मेलों से ही आपसी भाईचारे की भावना बढ़ती है स मीटिंग में मेले की तैयारियो को लेकर विचार विमर्श किया गया। मीटिंग के दौरान मेला व्यवस्थापक विकास जांगिड़ ने कहा कि मेले से पूर्व 26 मार्च को रात्रि में एक विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा जिसमें सुप्रसिद्ध भजन गायक्कारों द्वारा भजनों की रसगंगा प्रवाहित की जाएगी। विकास जांगिड़ एवं आशीष जांगिड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि 27 मार्च को ही महिला एवं पुरुष पहलवानों द्वारा कुश्ती दंगल का आयोजन किया जाएगा। विकास जांगिड़ के अनुसार 27 मार्च को रात्रि में मंदिर परिसर पर विशाल सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इस दौरान हनुमान प्रसाद यादव, कालूराम कस्वा, आनंद कुमावत, विकास जांगिड़, आशीष जांगिड़, जगदीश प्रसाद बिछवालिया, छाजू राम शेरावत सहित कई लोग मौजूद रहे।




## प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की कार्यकारिणी घोषित

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक विभाग की प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। यह घोषणा इमरान प्रतापगढ़ी के निर्देशानुसार की गई। इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष एम. डी. चोपदार ने नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्षों, महासचिवों, सचिवों और समन्वयकों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। चोपदार ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि सभी पदाधिकारी संगठन को मजबूत करने के साथ पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करेंगे। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक समाज की आवाज को प्रभावी रूप से उठाने और संगठन को मजबूत बनाने में पदाधिकारी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी पदाधिकारियों के सामूहिक प्रयासों से कांग्रेस पार्टी राजस्थान में और अधिक सशक्त होगी और समाज के सभी वर्गों के हितों की रक्षा के लिए मजबूती से कार्य करेगी। इस मौके पर चोपदार ने इमरान प्रतापगढ़ी और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में संगठन निरंतर आगे बढ़ेगा।

## सेवा का पर्याय स्काउटिंग : शर्मा



हर्ष सोनी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय झुंझुनू के तत्वावधान में जिला कार्यकारिणी समिति बैठक का आयोजन मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। सी. ओ. स्काउट महेश कालावत ने बताया कि बैठक के दौरान गत जिला कार्यकारिणी समिति के कार्यवृत्त की पुष्टि एवं अनुपालना रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। इस दौरान सत्र 2025-26 का वार्षिक प्रतिवेदन एवं वित्त समिति के प्रस्तावों पर विचार एवं स्वीकृति प्रदान की गई तथा आगामी सत्र 2026-27 के प्रस्तावित वार्षिक कार्यक्रम का अनुमोदन कार्यकारिणी समिति बैठक में किया गया । सत्र 2026-27 में आगामी 04 महीने का प्रस्तावित बजट सदन के सम्मुख रखा गया जिसे ध्वनि मत से पारित किया गया। इस अवसर पर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अशोक शर्मा ने सदन को संबोधित करते हुए कहा कि हमें जिले में समन्वित प्रयास करते हुए स्काउट गाइड गतिविधियों को प्रोत्साहित करना चाहिए। स्काउटिंग समाज सेवा का पर्याय है, प्रत्येक विद्यालय में इस गतिविधि का सुचारू रूप से संचालन कर राष्ट्र के लिए सुयोग्य के नागरिक बनाने में हमें अपना योगदान देना है। इस दौरान मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी चिड़ावा डॉ. उमादत्त झाझरिया, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नवलगढ़ आत्माराम, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अलसीसर राजेंद्र कुमार, । सुनीता यादव, अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पिलानी मनीष चार ने विचार रखते हुए स्काउट गाइड गतिविधियों को सुचारु रूप से संचालन करने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस दौरान स्काउट जिला अध्यक्ष गंगाधर सिंह सुंडा, सहायक निदेशक शिक्षा अशोक जांगिड़, जिला कमिश्नर गाइड डॉ. राजबाला ढ़ाका, समसा कार्यालय से राजबाला खीचड़, जिला प्रशिक्षण आयुक्त चिरंजीलाल शर्मा, सचिव स्थानीय संघ खेतड़ी से जितेंद्र कुमार, बुहाना से प्रवीण कुमार, अलसीसर से रामचंद्र मीणा, गुढ़ा गोरजी से मनोहर लाल रणवा, मान नगर से धर्मपाल सिंह, चिड़ावा से महेंद्र सिंह, सहायक लीडर ट्रेनर अनीता कटेवा आदि उपस्थित रहे।

स्काउट योग्यता अर्जित करने पर किया सम्मान इस दौरान स्काउटिंग के क्षेत्र में सहायक लीडर ट्रेनर कोर्स उत्तीर्ण होने पर बिट्स पहनाकर एवं माल्यार्पण कर चिरंजीलाल शर्मा, प्रवीण कुमार यादव, नरेश सिंह तंवर, विजय कुमार गर्वा, शिव प्रसाद वर्मा का सम्मान किया गया।

## बुगाला में म्यूजियम लोकार्पण की तैयारियां शुरू

निसं



**बुगाला ( नवयत्न )।** बावलिया बाबा की ऐतिहासिक हवेली अब म्यूजियम के रूप में विकसित हो चुकी है। 19 मार्च को भव्य लोकार्पण समारोह आयोजित किया जाएगा जिसके लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। अरुण केडिया व गणेश नारायण जन सेवा ट्रस्ट के आत्माराम शर्मा ने बताया कि इस मौके पर धार्मिक अनुष्ठान, भजन-कीर्तन और संत प्रवचन भी होंगे। मंदिर के पदाधिकारियों ने बताया कि हवेली को पारंपरिक शैली में संरक्षित रखते हुए अंदर बाबा से जुड़े दुर्लभ चित्र, प्राचीन वस्तुएं, ऐतिहासिक दस्तावेज और धार्मिक धरोहरें प्रदर्शित की गई हैं। इससे नई पीढ़ी को क्षेत्र की धार्मिक विरासत से परिचित होने का अवसर मिलेगा।

### ऊबली बालाजी से निकलेगी निशान यात्रा

लोकार्पण समारोह से पूर्व सुबह ऊबली बालाजी मंदिर से बुगाला तक भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी, इसके लिए निशान तैयार किए जा रहे हैं। यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु हाथों में निशान लेकर भजन-कीर्तन करते हुए शरीक होंगे। यात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा से स्वागत किया जाएगा। समिति सदस्यों के अनुसार गांव में साफसफाई, सजावट और प्रकाश व्यवस्था का कार्य तेजी से चल रहा है। मंदिर परिसर व हवेली को रंग.बिरंगी रोशनी से सजाया जाएगा। ग्रामीणों और श्रद्धालुओं में आयोजन को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन को सफल बनाने के लिए विभिन्न समितियां गठित की गई हैं जो व्यवस्था, प्रसाद वितरण, पार्किंग और सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालेंगी। आयोजकों ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में भाग लेकर इसे ऐतिहासिक बनाने की अपील की है। कार्यक्रम में आसपास के गांवों के श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया जाएगा जिनके आने जाने के लिए बसों व वाहनों की नि:शुल्क व्यवस्था ट्रस्ट द्वारा की जा रही है।

## तालछापर वन्यजीव अभयारण्य में विकसित किया गार्डन



निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** चूरू जैसे मरूस्थलीय जिले में रेतीले धोरे, यहां का सालासर बालाजी मंदिर और ताल छापर वन्यजीव अभयारण्य देशी-विदेशी मेहमानों के विशेष आकर्षण का केंद्र हैं। इसी कड़ी में चूरू जिले के सुजानगढ़ उपखंड के छापर कस्बे स्थित ताल छापर वन्यजीव अभयारण्य विशेष आकर्षण का केन्द्र तो है ही, अभी हाल में अभयारण्य परिसर में विकसित किए गए गार्डन में रंग-बिरंगे फूल आगंतुकों के मन को हर्षित करते हैं। रेंजर उमेश बागोतिया ने बताया कि हाल ही में उन्होंने परिसर में एक बगीचा तैयार किया है और इसमें विशेष किस्मों के फूलदार पौधे लगाए हैं। यहाँ खिले रंग-बिरंगे मौसमी फूल अभयारण्य की प्राकृतिक सुंदरता को और भी निखार रहे हैं।

### फूलों की क्यारियां करती हैं आकर्षित

रेंजर उमेश बागोतिया ने बताया कि विकसित गार्डन में गेंदा, गजेनिया, कैलेंडुला, गुड़हल, पैंजी, आइस प्लांट, पिटुनिया, जरबेरा, होली हॉक, डहेलिया, राखीबेल, सर्वण चंपा, निमेशिया जैसे कई रंगीन फूलों वाले पौधे लगाए गए हैं। रेंजर उमेश ने बताया कि गार्डन के लिए स्थानीय जलवायु के अनुकूल पौधों का चयन किया गया ताकि कम पानी में भी वे अच्छे से विकसित हो सकें। गार्डन को समान दूरी वाली क्यारियों और गोल/आकृतिक डिजाइन में तैयार किया गया है। अलग-अलग डिजाइन में बनाए गए फूलों के बेड और पगडंडियां आगंतुकों को फोटो खींचने के लिए आकर्षित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि ब्लैकबक काला हिरण और घास के मैदानों के लिए प्रसिद्ध अभयारण्य में बड़ी संख्या में ब्लैकबक, चिंकारा और प्रवासी पक्षी भी देखे जा सकते हैं। अब बागवानी पर फोकस कर यहां की जलवायु व जैव विविधता के अनुकूल फलदार, फूलदार व औषधीय पौधे लगाकर अभयारण्य के सौन्दर्य को निखारने के लिए सतत प्रयास किए जा रहे हैं।

## 85 बालिकाओं को साईकिल वितरित



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** स्थानीय पीएम श्री केसरदेवी बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय लाडनूं की बालिकाओं को संस्था प्रधान विजय सिंह चौहान की अध्यक्षता में साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रभारी शिव शंकर बोहरा ने बताया की राज्य सरकार द्वारा सरकारी विद्यालयों में बालिकाओं को दी जाने वाली सुविधाओं में साइकिल वितरण योजना मुख्य सुविधा है जो दूर दराज की बालिकाओं को सरकारी विद्यालय से जोड़ने में मुख्य भूमिका निभाती है। इससे शहरी क्षेत्र में 3-4 किलोमीटर दूर से स्कूल आने वाली बालिकाओं को आवागमन में सुविधा रहती है। विद्यालय की 85 बालिकाओं को साइकिल वितरित की गई। इस अवसर पर व्याख्याता परमेश्वरी, शशि शर्मा, प्रेमलता, सरोज बाला, पूनम चौधरी, शंकर लाल, दयाराम, आकिब जावेद रीना शर्मा, रामगोपाल सहित अभिभावक सलमा बानो, मोण्साबिर, जुबेदा, मो आरिफसहित एसडीएमसी सदस्य मोहम्मद इसहाक छींपा, मास्टर जलालुद्दीन आदि उपस्थित रहे। वहीं साईकिल पाकर बालिकाओं के चेहरे खिले हुए नजर आए।

## ब्लड बैंक का उद्घाटन कल

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** स्टेशन रोड स्थित शेखावाटी जनाना हॉस्पिटल एण्ड मेडिकल रिसर्च सेंटर में ब्लड बैंक का उद्घाटन 14 मार्च को सुबह 10 बजे किया जाएगा। हॉस्पिटल के अध्यक्ष कैलाशचंद मोदी ने बताया कि ब्लड बैंक का उद्घाटन डॉ अशोक महरिया करेंगे। उन्होंने बताया कि इस दौरान शेखावाटी के सुप्रसिद्ध समाजसेवी स्व. बद्रीनारायण सोढ़ाणी की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर एवं चिकित्सा परामर्श शिविर का भी आयोजन रखा गया है।

# मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य जागरूकता प्रशिक्षण शिविर आयोजित

निसं




**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य एवं कल्याण को ध्यान में रखते हुए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग व जिला प्रशासन के तत्वाधान में वरिष्ठ नागरिकों हेतु मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर एवं प्रशिक्षण का आयोजन स्वयंसिद्धा आश्रम, चूरू में किया गया। एसजेईडी डीडी नगेन्द्र सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ रखने के लिए आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराना एवं उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना रहा। कार्यक्रम में विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं प्रशिक्षकों ने वरिष्ठ नागरिकों को नियमित योग, प्राणायाम, संतुलित आहार, दैनिक व्यायाम तथा सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही तनाव प्रबंधन, स्मरण शक्ति को बेहतर बनाने के उपाय तथा बढ़ती उम्र में होने वाली सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं से बचावा के बारे में भी मार्गदर्शन दिया। इस अवसर उपनिदेशक नगेन्द्र सिंह राठौड़ ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज की अमूल्य धरोहर हैं और उनका स्वास्थ्य एवं सक्रम रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने इस प्रकार के कार्यक्रमों को समाज के लिए उपयोगी बताते हुए सभी को अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर चिकित्सा विभाग की टीम ने वरिष्ठ नागरिकों का चिकित्सा परीक्षण किया।

इस दौरान संस्था प्रभारी सोनू चारण, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी रामनिवास भूवाल, कनिष्ठ सहायक पवन कुमार थालोड़ सहित अन्य मौजूद रहे।

## दो बसों को किया सीज



निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** जिला परिवहन विभाग व राजस्थान पथ परिवहन निगम आगार ने संयुक्त रूप से कार्रवाई कर दो बसों को सीज किया गया। परिवहन विभाग के इंस्पेक्टर रोबिन सिंह ने बताया कि एक बस संचालक की एक बस कई दिनों से राजस्थान रोडवेज की एक बस के आगे निजी बस रुट के समय पर आकर सवारियों को लेकर चला जाता है। उन्होंने बताया कि निजी बस रोडवेज बस से 10 मिनट पहले ही आकर खड़ी हो जाती है। जब रोडवेज की बस आती है, तब निजी बस का चालक बस में सवारियों को लेकर चला जाता है। जिसके कारण आज रोडवेज विभाग व जिला परिवहन विभाग ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की है। उन्होंने ने बताया कि उसी बस संचालक की एक निजी बस नोहर भादरा रुट पर चलती है, जो कई दिनों से नेशनल हाइवे 52 पर चल रही थी। उस बस को भी सीज किया गया। दो बसों को सीज किया गया है।

## कृषि में कृत्रिम बुद्धिमत्ता से आएगी नई क्रांति : प्रेमचंद



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय की अधीनस्थ इकाई राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान दुर्गापुरा में कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) विषय पर आयोजित समिट का समापन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ प्रेम चंद बैरवा उप मुख्यमंत्री थे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ पुष्पेन्द्र सिंह चौहान कुलगुरु श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय ने की। डॉ प्रेम चंद बैरवा ने कहा कि आधुनिक तकनीकों के उपयोग से कृषि क्षेत्र में नई क्रांति लाई जा सकती है और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आने वाले समय में किसानों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि कृषि को अधिक वैज्ञानिक, आधुनिक और लाभकारी बनाने के लिए तकनीकी नवाचारों को अपनाना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि एआई तकनीक के माध्यम से फसलों की बीमारियों की पहचान, मौसम का सटीक पूर्वानुमान, मृदा गुणवत्ता का विश्लेषण तथा सिंचाई प्रबंधन जैसे कार्य अधिक प्रभावी और सटीक ढंग से किए जा सकते हैं। इससे किसानों को समय पर सही निर्णय लेने में सहायता मिलेगी, जिससे उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ लागत में भी कमी आएगी। इस अवसर पर डॉ उमेद सिंह निदेशक कृषि अनुसंधान ने आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया। जबकि डॉ सुरेंद्र सिंह मनोहर निदेशक राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान इंजीनियर दिलीप भारतीए, डॉ एके सिंह, डॉ एन.एल. बैरवा, अधिष्ठाता, उद्यानिकी महाविद्यालय ने अतिथियों से सिंदूर पौधों का रोपण भी करवाया। कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर आयोजित व्याख्यान सत्र में देश-विदेश के विशेषज्ञों ने कृषि में एआईए नवाचार और उद्यमिता के अवसरों पर अपने विचार साझा किए।

## 3 घंटे रहेगी विद्युत आपूर्ति बाधित

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** 132 केवी जीएसएस सुजानगढ़ से निकलने वाले 33 केवी छापर फीडर की विद्युत आपूर्ति 13 मार्च को 3 घंटे के लिए बाधित रहेगी। ग्रामीण सहायक अभियंता मुकेश कुमार देवड़ा ने बताया कि प्रात: 7 बजे से 10 बजे तक ओवरब्रिज निर्माण कार्य के कारण विद्युत आपूर्ति बंद होगी, जिससे गोपालपुरा, गनोड़ा, गुलेरिया, छापर, रणधीसर से निकलने वाले फीडरों के समस्त ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति तीन घंटे के लिए बंद रहेगी।

## दूषित पेयजल सप्लाई से लोग परेशान



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** नूर नगर स्थित मदीना मस्जिद के पास के मोहल्ले में दूषित पाने सप्लाई में आने से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। निवर्तमान पार्षद एडवोकेट सलीम खान ने बताया कि रमजान के माह में भी दूषित पेयजल की सप्लाई आई है, जिसके कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। एडवोकेट सलीम खान ने प्रशासन से समस्या का समाधान किए जाने की मांग की है।

## सम्यक कंप्यूटर क्लासेस को बेस्ट एम्प्लॉयर्स का अवॉर्ड

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए सम्यक कंप्यूटर क्लासेस को ईएआर के 61वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित बेस्ट एम्प्लॉयर्स अवॉर्ड-025 से सम्मानित किया गया। यह भव्य समारोह गुरुवार को जयपुर में आयोजित हुआ। इय कार्यक्रम में उद्योग राज्य मंत्री केके विश्नोई और सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता ईएआर के अध्यक्ष केके जैन ने की। इस कार्यक्रम के दौरान दोनों अतिथियों द्वारा सम्यक कंप्यूटर क्लासेस को बेस्ट एम्प्लॉयर्स अवॉर्ड-2025 प्रदान किया गया। यह सम्मान संस्था के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक मनीष मित्तल ने सम्यक टीम के साथ ग्रहण किया। यह प्रतिष्ठित सम्मान सम्यक कंप्यूटर क्लासेस द्वारा शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों, कर्मचारियों के लिए सकारात्मक और प्रगतिशील कार्य संस्कृति विकसित करने तथा देशभर के युवाओं को रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए प्रदान किया गया है।

मनीष मित्तल ने कहा कि यह सम्मान सम्यक टीम की मेहनत, समर्पण और निरंतर प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि सम्यक कंप्यूटर क्लासेस का उद्देश्य युवाओं को आधुनिक तकनीकी कौशल से सशक्त बनाना और उन्हें बेहतर करियर अवसरों के लिए तैयार करना है। आज सम्यक कंप्यूटर क्लासेस भारत सहित कई देशों में 150 से अधिक शाखाओं के साथ तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में एक अग्रणी संस्थान के रूप में अपनी पहचान बना चुका है। यह सम्मान संस्था के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और आने वाले समय में सम्यक युवाओं के कौशल विकास और रोजगार के अवसरों को बढ़ाने के लिए अपने प्रयासों को और मजबूत करेगा।

## दया, करुणा और सेवा भावना का विकास करें : राजमती

निसं



**नोखा ( नवयत्न )।** श्रावक समाज अनाशक्त व सेवा भावी बनें। एक युग बीत गया, नोखा धार्मिक क्षेत्र है, श्रावक-श्राविका धर्मनिष्ठ एवं विनीत है। हर दृष्टि से विकास किया है। व्यक्ति अनाशक्ति का जीवन जीऐं। दया, करुणा और सेवा भावना का विकास करें। हमारा नोखा रहना संयम, साधना में अच्छा रहा- यह उद्गार शासन गौरव साध्वी राजमती ने मंगल भावना समारोह के द्वितीय चरण पर कहे। तेरापंथ महिला मंडल द्वारा याद घणां आवोला गीतिका से मंगलाचरण किया। सभा अध्यक्ष शुभकरण चौरड़िया, भावना मरोठी, अणुव्रत समिति अध्यक्ष रमेश व्यास, निर्मला सेठिया, अनुराग बैद, कुसुम आंचलिया, अध्यक्ष निर्मल चोपड़ा, विश्वास पारख, कवि इन्दर चंद बैद, सीमा घीया, अनुवा भूरा, महिला मंडल मंत्री मोनिका बैद, अध्यक्ष प्रीति मरोठी, ज्ञानशाला प्रभारी महावीर नाहटा, बाबूलाल बुच्चा, गोपाल लुणावत, हंसराज भूरा ने भाव विहल होकर महाराज को अमूल्य धार्मिक शिक्षा, प्रेरणा बताते हुए मंगल भाव रखें। सभी साध्वियों की कला, निपुणता और विशेषताओं को शब्द चित्र से कार्तिक नाहटा एवं हर्षित भूरा ने व्यक्त कर हर्ष विभोर कर दिया। सभी कन्या मंडल की बहनों, युवती मंडल की बहनों ने 12 वर्ष नोखा प्रवास के चित्रण को विविध रूप में दर्शा कर साध्वीश्री के प्रति आभार प्रकट किया। साध्वी कुसुम प्रभा एवं साध्वी मनोज्ञ प्रभा ने नोखा को धर्म नगरी बताते हुए आध्यात्मिक विकास की मंगल कामना की। साताकारी क्षेत्र बताया। इंद्र चंद्र बैद कवि ने बताया कि शुक्रवार को लाडनूं आचार्य श्री महाश्रमण के सान्निध्य में जाने के लिए प्रात: 7:30 बजे साध्वी श्री का विहार होगा। कार्यक्रम का कुशल संचालन सभा मंत्री मनोज घीया ने किया।

## आरएसी में लगा मेगा सुपर स्पेशियलिटी हेल्थ कैंप

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के निर्देशों की कड़ी में गुरुवार को जयपुर के चैनपुरा स्थित चौथी बटालियन आरएसी में एक विशाल सुपर स्पेशिलिटी चिकित्सा परामर्श एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 13वीं बटालियन आरएसी के कार्मिकों ने भी भाग लिया। पुलिस मुख्यालय में पूर्व में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में डीजीपी राजीव कुमार शर्मा और एडीजी आयोजना एवं कल्याण डॉ प्रशाखा माथुर ने स्पष्ट किया था कि पुलिसकर्मियों की सेहत से कोई समझौता नहीं होगा। विशेष रूप से 40 वर्ष से अधिक आयु के कार्मिकों के लिए मासिक और वार्षिक स्वास्थ्य परीक्षण को अनिवार्य कर दिया गया है। इस पूरी प्रक्रिया की सघन मॉनिटरिंग और डेटा संकलन की जिम्मेदारी डॉ सुनील पुनिया नोडल अधिकारी पुलिस मुख्यालय को सौंपी गई है। ताकि हर जवान की सेहत का रिकॉर्ड डिजिटल रूप से सुरक्षित रहे। वहीं पूर्व में जोधपुर, अजमेर और बीकानेर जिला मुख्यालयों में स्वास्थ्य परीक्षण कैम्प लगाए जा चुके है। महिला दिवस के उपलक्ष में गुरुवार को जयपुर स्थित राजस्थान पुलिस अकादमी तथा चौथी बटालियन आरएसी में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। चैनपुरा स्थित शिविर में जेएनयू सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल जगतपुरा के विख्यात विशेषज्ञों ने अपनी सेवाएं प्रदान की। जेएनयू हॉस्पिटल के सहयोग से आयोजित इस मेगा कैंप में गंभीर रोगों से लेकर सामान्य विकारों तक का गहन परीक्षण किया गया। अतिरिक्त निदेशक स्वास्थ्य और नोडल अधिकारी डॉ सुनील पूनिया ने बताया कि इस शिविर में डॉ प्रकाश केसवानी डायबिटोलॉजिस्ट एवं इण्डोक्राईनोलोजिस्ट सहित सर्जन प्रसूति व स्त्री रोग, हड्डी व जोड़ प्रत्यारोपण, नेत्र रोग, ईएनटी, मनोरोग और जनरल फिजिशियन एवं फिजियोथेरेपी के विशेषज्ञों ने परामर्श दिया। इसके अलावा शिविर में लिपिड प्रोफाइल, थायराइड, ब्लड शुगर और हेपेटाइटिस-बी जैसी महत्वपूर्ण जाँचें की गईं। साथ ही महिला पुलिसकर्मियों और परिजनों के लिए सर्वाइकल कैंसर की विशेष नि:शुल्क स्क्रीनिंग की गई। अतिरिक्त निदेशक स्वास्थ्य और नोडल अधिकारी डॉ सुनील पूनिया ने बताया कि इस शिविर में लगभग 400 से अधिक पुलिसकर्मियों और उनके परिजनों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। डॉ पूनिया ने कहा कि इस तरह के आयोजनों का मुख्य उद्देश्य पुलिस बल में मानसिक तनाव को कम करना और उन्हें एक स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रोत्साहित करना है।

## गौभक्तों का सराहनीय सहयोग, गौशाला को दिए 1.51 लाख रुपए



निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** क्षेत्र में गोसेवा के प्रति आस्था का एक और प्रेरणादायक उदाहरण सामने आया है। महेश कुमार व दिनेश कुमार पुत्र शुभकरण सिंह बुगालिया ने गोसेवा की भावना से प्रेरित होकर पं गणेश नारायण नेत भोमिया सुरभि गोशाला में 1 लाख 51 हजार रुपए का सहयोग दिया है। इसके अलावा रिटायर्ड शिक्षक सत्यवीर सिंह बुगालिया ने 51 हजार, बृजलाल सांखनिया ने 11 हजार एक सौ रुपए, बिहारीलाल व सुरेंद्र बुगालिया, कस्तूरी देवी पत्नी मालाराम बुगालिया ने 11-11 हजार रुपए दिए हैं। इसके अलावा मंजू देवी केडिया, जीवणी देवी सैनी, शुभकरण सिंह दरोगा, भंवरसिंह भोमिया जी महाराज, प्रभुदयाल मीणा, नेमीचंद सिहाग आदि ने भी यथा सहयोग दिया है। लेखाधिकारी महेन्द्र सिंह बुगालिया व विजयपाल सिंह शेखावत ने बताया कि गौमाता की सेवा भारतीय संस्कृति की पहचान है और गोशालाओं के संचालन में समाज के प्रत्येक व्यक्ति का सहयोग आवश्यक है। उनके इस सहयोग से गोशाला में गौवंश के चारे, पानी व उपचार की व्यवस्था में मदद मिलेगी। गोशाला के पदाधिकारियों ने सभी दानदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के सहयोग से ही गोशालाओं का संचालन सुचारु रूप से हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे दानवीर लोगों की वजह से ही बेसहारा गौवंश की सेवा संभव हो रही है।

इस अवसर पर गोशाला के कार्यकर्ताओं व गौभक्तों ने भी दानदाताओं का सम्मान करते हुए उनके इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा की। इस मौके पर अध्यक्ष हीरानन्द बुगालिया, कैप्टन महेश कुमार बुगालिया, मनोहर सिंह शेखावत, महावीर प्रसाद, महीपाल कुमावत, रामावतार स्वामी आदि मौजूद रहे।

## मथुरा लीला ज्ञान का संवर्धन करती है : स्वामी दयानंद सरस्वती

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** श्री साई नाथ सेवा धाम समिति की ओर से राजापार्क स्थित स्वामी सर्वानंद पार्क में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के छठे दिन जगद्गुरु परमहंसाचार्य स्वामी दयानंद सरस्वती ने भगवान श्रीकृष्ण की मथुरा लीला का महत्व बताते हुए कहा कि यह लीला जीव के हृदय के अज्ञान को दूर कर ज्ञान का संवर्धन करती है। उन्होंने महारास लीला, मथुरा गमन और कंस वध प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि प्रभु की लीलाओं के श्रवण से भक्तों के जीवन में ज्ञान का प्रकाश होता है।

कथा में रुक्मिणी विवाह महोत्सव भी धूमधाम से मनाया गया। आयोजन से जुड़े निवर्तमान पार्षद घनश्याम चंदलानी ने बताया कि शुक्रवार को सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष प्रसंग के साथ कथा की पूर्णाहुति के बाद पोथी विदाई होगी।

कथा प्रतिदिन शाम 4 बजे से रात 8 बजे तक आयोजित की जा रही है।

## सम्पादकीय

# विपक्ष की हार

### ओम बिरला के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव खारिज



विपक्ष की ओर से लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को खारिज होना ही था। इसे विपक्ष भी भली तरह जानता था और इसीलिए जब यह प्रस्ताव ध्वनिमत से खारिज हुआ तो उसने मतदान की मांग नहीं की, क्योंकि वह समझ रहा था कि नतीजा बदलने वाला नहीं है। विपक्ष और विशेष रूप से कांग्रेस ने लोकसभा स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाकर यह दिखाने की कोशिश की थी, वह इसे लेकर बहुत गंभीर है, लेकिन जब उस पर बहस का समय आया तो वह पश्चिम एशिया के संकट पर चर्चा की मांग करने लगा। ऐसा नहीं है कि सरकार इस विषय पर बहस के लिए तैयार नहीं थी, लेकिन विपक्ष और विशेष रूप से कांग्रेस ने यही प्रदर्शित किया कि वह अपनी ही ओर से लाए गए प्रस्ताव को लेकर गंभीर नहीं।

नि:संदेह राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष हैं, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि उन्हें जो मन में आए, वह बोलने की अनुमति मिल जाए और वे अपने को संसदीय नियमों से परे समझें। वे अपनी समझ से जिन्हें गंभीर विषय बताते हैं और उन पर चर्चा के लिए जोर देते हैं, वे प्राय: हवा-हवाई और सनसनीखेज ही होते हैं।

बीते कुछ दिनों से राहुल गांधी संसद के भीतर-बाहर इस पर जोर देने में लगे हुए हैं कि अमेरिका से अंतरिम व्यापार समझौते पर प्रधानमंत्री ने अमेरिकी राष्ट्रपति के समक्ष समर्पण कर दिया है, लेकिन अभी तो यह समझौता हुआ ही नहीं है। इसके पहले वे यह सिद्ध करने की असफल कोशिश करने में लगे हुए थे कि चुनाव आयोग मोदी सरकार के इशारे पर मतदाता सूचियों का इस तरह विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआइआर करने में लगा हुआ है, ताकि भाजपा को चुनावी लाभ मिले। सरकार के खिलाफ मनगढ़ंत आरोप उछालना राहुल गांधी की अगंभीरता को ही दर्शाता है। वे संसद की कार्यवाही को लेकर भी गंभीर नहीं दिखते। इसे गृहमंत्री अमित शाह ने अच्छी तरह रेखांकित किया। उन्होंने विस्तार से बताया कि लोकसभा अध्यक्ष पर खुद को सदन में न बोलने देने का आरोप लगाने वाले राहुल गांधी ने किस तरह 12 महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा में भाग नहीं लिया। इसी तरह संसद के विभिन्न सत्रों के दौरान किस प्रकार उन्होंने विदेश यात्रा करना आवश्यक समझा। गृहमंत्री ने यह भी बताया कि सदन में उनकी उपस्थिति किस तरह बहुत कम रहती है। लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर विपक्ष को हार मिलनी ही थी, लेकिन इसका परिणाम यह नहीं होना चाहिए कि सत्तापक्ष एवं विपक्ष के रिश्ते और कटुतापूर्ण हो जाएं। इससे किसी को कुछ हासिल नहीं होगा। यह समय की मांग है कि संसद में सभी मुद्दों पर धीर-गंभीर तरीके से चर्चा हो, लेकिन यह तब तक संभव नहीं, जब तक विपक्ष हर मसले पर उलटे-सीधे आरोपों के साथ हंगामा करता रहेगा।

## ● विशेष आलेख

# ऊर्जा बाजार की स्थिति बिगाड़ता युद्ध, थमने के बाद भी कुछ समय तक कायम रहेंगे दुष्प्रभाव



ईरान पर इजरायल और अमेरिका के हमले के बीच होर्मुज जलमार्ग सुर्खियों में बना हुआ है। यह स्वाभाविक है, क्योंकि विश्व के लगभग 20 प्रतिशत तेल एवं गैस की आपूर्ति इसके जरिये होती है। ईरान और ओमान के बीच एक स्थान पर महज 33 किलोमीटर संकरा यह जलमार्ग पश्चिम एशिया में छिड़े महासंग्राम के बाद से ही गतिरोध का शिकार बना हुआ है। इस अहम जलमार्ग के अवरुद्ध होने का खामियाजा पूरी दुनिया को भुगतना पड़ रहा है, जिससे भारत भी अछूता नहीं है।

युद्ध की आग ने तेल की कीमतों पर असर दिखाना शुरू कर दिया है। इस साल की शुरुआत में कच्चे तेल की कीमतें अंतरराष्ट्रीय बाजार में 60 डालर प्रति बैरल के स्तर पर थीं। ये कीमतें सोमवार को एक समय करीब 120 डालर प्रति बैरल तक पहुंच गईं। यानी दो महीने में कीमतें लगभग दोगुनी हो गई हैं। इससे पहले तेल की कीमतों में ऐसी उछाल जून 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के कुछ महीनों बाद देखी गई थी।

तेल की कीमतों में आई हालिया तेजी का स्पष्ट कारण होर्मुज के आसपास बने हालात हैं, क्योंकि यहां से रोजाना लगभग एक से 1.1 करोड़ बैरल कच्चे तेल की आवाजाही होती है। इराक, कुवैत और संयुक्त अरब अमीरात यानी यूएई ने अपना उत्पादन बंद कर दिया है, क्योंकि वे अपने उत्पादों को बाहर भेजने में सक्षम ही नहीं हो पा रहे। इस कारण विश्व की सबसे बड़ी तेल कंपनी अरामको को भी अपनी रणनीति बदलनी पड़ी है। सऊदी अरब की इस कंपनी ने अपने तेल की बिक्री के लिए लाल सागर स्थित बंदरगाह यानबू का सहारा लिया है।

इसके बावजूद वह केवल 50 लाख बैरल तेल की आपूर्ति ही कर पा रही है, जबकि सामान्य दिनों वह 70 लाख बैरल तेल की आपूर्ति करती है। कुल मिलाकर, इस समय वैश्विक तेल आपूर्ति के 20 प्रतिशत हिस्से पर गतिरोध का ग्रहण लगा हुआ है। सोमवार को तेल की कीमतों में आई तेजी पर मंगलवार को तब कुछ विराम लगा, जब अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह संकेत दिए कि यह लड़ाई ज्यादा लंबी नहीं चलेगी। हालांकि बाजार और विश्लेषक उनके दावों से आश्वस्त नहीं। उन्हें तब तक आश्वस्ति मिलने से रही, जब तक तेल ढुलाई वाले जहाजों की होर्मुज से सुगम आवाजाही सुनिश्चित नहीं हो जाती।

वर्तमान परिस्थितियों में विश्लेषकों को दो परिदृश्य नजर आ रहे हैं। अगर यह युद्ध जल्द समाप्त हो जाता है तो तेल की कीमतें 65 डालर प्रति बैरल के दायरे में आ सकती हैं। इसके उलट अगर लड़ाई लंबी खिंची और ऊर्जा से जुड़े बुनियादी ढांचे को गंभीर क्षति पहुंचती है तो अगले छह महीनों में कच्चे तेल की कीमतें 150 डालर प्रति बैरल तक पहुंच सकती हैं। बहुत आशावादी दृष्टिकोण भी यही कहता है कि इस पूरे साल भर कच्चा तेल 75 से 80 डालर प्रति बैरल के बीच दिखाई पड़ सकता है, जो उसका इस साल की शुरुआत से ऊंचा स्तर ही होगा। भारत के लिए यह बहुत असहज स्थिति होगी, क्योंकि आवश्यकता का 85 प्रतिशत तेल उसे आयात करना पड़ता है। कच्चे तेल में प्रति बैरल 10 डालर बढ़ोतरी का अर्थ होगा आयात पर खर्च में 12 से 15 अरब डालर का बोझ। इससे पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतें बढ़ेंगी। इसका असर परिवहन, विनिर्माण और खाद्य तंत्र पर पड़ेगा। महंगाई बढ़ेगी और रिजर्व बैंक के लिए ब्याज दरें घटाने की गुंजाइश घटेगी।

तेल की चर्चा के बीच एलएनजी गैस के मुद्दे को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता, जिसे लेकर खतरे की आहट सुनाई पड़ रही है। कतर का रास लफ्फान संयंत्र विश्व में एलएनजी निर्यात का सबसे बड़ा केंद्र है, जो ड्रोन हमले के बाद से ही ठप पड़ा है। विश्व की कुल एलएनजी के 20 प्रतिशत की आपूर्ति अकेले कतर से होती है।

इसमें अबूधाबी के गतिरोध को भी शामिल कर लिया जाए तो वैश्विक बाजार से एलएनजी की भारी खेप गायब हो गई। इसका असर भी दिखने लगा है। सर्दियां बीतने के बाद यूरोप को एनएलजी स्टोरेज के लिए उसकी बड़ी आवश्यकता है तो एशिया में गर्मियों की दस्तक के साथ ही एयर-कंडीशनर की मांग बढ़ने वाली है। बदले हालात में एक सप्ताह के भीतर ही गैस आयात में 26 प्रतिशत की कमी देखने को मिली है। अब सवाल उठ रहा है कि क्या गैस के मोर्चे पर इस किल्लत को अमेरिका और आस्ट्रेलिया दूर करने की स्थिति में हैं? ये दोनों ही देश अपनी पूरी क्षमताओं के साथ आपूर्ति में जुटे हैं, पर उससे शायद हल न निकले। मार्गन स्टैनली के अनुसार यदि महीने भर में कतर में बना गतिरोध दूर नहीं हुआ तो वैश्विक गैस आपूर्ति चरमराने वाली है।

शेयर बाजार भी इस घटनाक्रम की मार झेल रहे हैं। तेल के चढ़ने पर बाजार गिरावट का शिकार होते ही रहे हैं तो इस बार भी स्थिति अलग नहीं है। इस युद्ध की शुरुआत के बाद से ही भारत का सेंसेक्स भी करीब 5,100 अंकों की गिरावट झेल चुका है। गत 9 मार्च को ही अमेरिका के एसएंडपी में 1.3 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। दुनिया भर के बाजारों में भी गिरावट का रुझान है। इसका कारण एकदम स्पष्ट है कि तेल की ऊंची कीमतें विमानन कंपनियों, फैक्ट्रियों से लेकर ढुलाई और किसानों का खर्चा बढ़ाने वाली हैं। ऊंची लागत यानी कम मुनाफा। कम मुनाफा यानी शेयर की कीमतों पर असर। खासतौर से भारत के संदर्भ में देखा जाए तो कच्चे तेल की कीतमें ऐतिहासिक रूप से शेयर बाजार के व्युत्क्रमानुपाती रही हैं।

राहत की बात है कि अतीत में भी युद्ध, महामारी और वित्तीय मंदी जैसे संकटों के बाद भी बाजार ने वापसी की है। विश्लेषकों की भी यही सलाह है कि आपाधापी में निवेश परिसंपत्तियों से बाहर न निकलें। एसआइपी में निवेश प्रवाह का 20,000 करोड़ रुपये प्रति माह के स्तर पर बने रहना भी दर्शाता है कि कुछ धैर्य दिखाया जा रहा है। इस संकट में भी बैंकिंग, फार्मा, डिफेंस और टेलीकाम जैसे सेक्टर चमकने में सफल हो सकते हैं। अभी यह कहना मुश्किल है कि यह लड़ाई कितनी लंबी चलेगी। यदि लड़ाई जल्द ही थम भी गई तो कुछ समय तक तो उसके दुष्प्रभाव कायम ही रहेंगे। होर्मुज जलमार्ग में पहले भी गतिरोध दिखा है, लेकिन वह इतना लंबा कभी नहीं खिंचा।

दुनिया की नजरें इसी पर टिकी हैं कि ऐसा कौन सा दबाव बनता है जो इसे जल्द से जल्द खोलने में कारगर साबित हो सके।

## आज का राशिफल

### मेष

संपति के कार्य लाभ देंगे। बेरोजगारी दूर होगी। धन की आवक बनी रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य न करें। लक्ष्य को ध्यान में रखकर प्रयत्न करें, सफलता मिलेगी। शुभ कार्यों में संलग्न होने से सुयश एवं सम्मान प्राप्त हो सकेगा। व्यापारिक निर्णय लेने में देर नहीं करें।

### वृष

रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। आपके व्यवहार एवं कार्यकुशलता से अधिकारी वर्ग से सहयोग मिलेगा। संतान के कार्यों पर नजर रखें। प्रचार-प्रसार से दूर रहें। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा।

### मिथुन

यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल लाभ देंगे। भेंट आदि की प्राप्ति होगी। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी। व्यापार में उन्नति के योग हैं। संतान की ओर से सुखद स्थिति बनेगी। प्रयास की मात्रा के अनुसार लाभ की अधिकता रहेगी। अपनी वस्तुएँ संभालकर रखें।

### कर्क

क्रोध पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दु:खद समाचार मिल सकता है। चिंता बनी रहेगी। व्यापार-व्यवसाय में सावधानी रखें। वास्तविकता को महत्व दें। प्रयासों में सफलता के योग कम हैं। परिवार में कलह-कलेश का माहौल रह सकता है। दूर यात्रा की योजना बन सकती है।

### सिंह

मेहमानों का आवागमन होगा। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। मान बढ़ेगा। जल्दबाजी न करें। जोखिम के कार्यों से दूर रहें। पराक्रम में वृद्धि होगी। परिवार में सहयोग का वातावरण रहेगा। अभिष्ट कार्य की सिद्धि के योग हैं। उलझनों से मुक्ति मिलेगी।

### कन्या

कोर्ट व कचहरी के काम निबटेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। धनार्जन होगा। प्रमाद न करें। संतान के कार्यों से समाज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी। नेतृत्व गुण की प्रधानता के कारण प्रशासन व नेतृत्व संबंधी कार्य सफल होंगे। शत्रुओं से सावधान रहें।

### तुला

मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शत्रु शांत रहेंगे। धनार्जन होगा। आज विशेष लाभ होने की संभावना है। बुद्धि एवं मनोबल से सुख-संपन्नता बढ़ेगी। व्यापार में कार्य का विस्तार होगा। सगे-संबंधी मिलेंगे। पठन-पाठन में मन लगेगा।

### वृश्चिक

प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। धनार्जन होगा। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। प्रमाद न करें। व्यापार-व्यवसाय में इच्छित लाभ की संभावना है। भाइयों की मदद मिलेगी। संपति के लेनदेन में सावधानी रखें। विद्यार्थी वर्ग सफलता अर्जित करेगा।

### धनु

वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। दूसरों की जमानत न लें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। पारिवारिक जीवन में तनाव हो सकता है। व्यापार में नई योजनाओं से लाभ के योग हैं। स्थायी संपति क्रय करने के योग बनेंगे। प्रतिष्ठित व्यक्तियों से भेंट होगी।

### मकर

वाणी पर नियंत्रण रखें। अप्रत्याशित बड़े खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है, जोखिम न लें। अजनबी व्यक्ति पर विश्वास न करें। उदर विकार के योग के कारण खान-पान पर संयम रखें। विवादों से दूर रहना चाहिए। आर्थिक प्रगति में रुकावट आ सकती है।

### कुंभ

नई योजना बनेगी। नए अनुबंध होंगे। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। परिवार की समस्याओं की चिंता रहेगी। समय की अनुकूलता का लाभ अधिकाधिक लेना चाहिए। नवीन उपलब्धियों की प्राप्ति संभव है। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

### मीन

नए अनुबंधों का लाभ मिलेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। पूछ-परख रहेगी। रुके कार्य बनेंगे। जोखिम न लें। वाणी पर नियंत्रण रखना होगा। व्यवहार कुशलता एवं सहनशीलता के बल पर आने वाली बाधाओं का समाधान हो सकेगा। खानपान पर नियंत्रण रखें।

## स्वास्थ्य समाचार

# बाल धोते समय यह गलतियां बन सकती हैं गंजेपन का कारण

इन दिनों बालों के टूटने, झड़ने और कमजोर बालों की समस्या बहुत आम हो गई है। आजकल हम में से ज्यादातर लोग बालों की समस्याओं से परेशान हैं। बालों की समस्याओं से निजात पाने के लिए हम तरह-तरह के नुस्खे आजमाते हैं, यहां तक कि कई महंगे-महंगे उत्पादों का इस्तेमाल करते हैं लेकिन कुछ खास फायदा नहीं मिलता है। हम सभी चाहते हैं कि हमारे पास घने, मजबूत और चमकदार बाल हों। इस चाह में हम अक्सर कुछ ऐसी गलतियां करते हैं जिससे हमारे बालों को नुकसान पहुंचता है। जिस तरह शरीर के अन्य अंगों को साफ रखना जरूरी है, उसी तरह अपने बालों की साफ-सफाई भी महत्वपूर्ण है। लेकिन अक्सर अपने बालों को धोते समय हम कुछ ऐसी गलतियां करते हैं जिससे हमारे बाल झड़ते हैं और हम गंजेपन का शिकार हो जाते हैं। जी हां, आपने बिल्कुल सही पढ़ा है। हमें अपने बालों को धोते समय बहुत सावधानी बरतने की जरूरत होती है। जब हम ऐसा नहीं करते हैं तो हमारे बालों को नुकसान पहुंचता है और नतीजतन बाल झड़ने लगते हैं।

### बाल धोने के लिए गलत शैंपू का प्रयोग

सिर्फ इसलिए एक शैंपू खरीदना क्योंकि किसी विज्ञापन में यह दिखाया गया है कि यह बालों की समस्याओं से निजात दिलाता है, सही नहीं है। शैंपू खरीदते समय जो चीज सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है वह आपके बालों का प्रकार। आपको हमेशा अपने बालों के प्रकार के अनुसार शैंपू का चुनाव करना चाहिए। क्योंकि अगर आप ऑयली बालों पर ड्राई बालों वाला शैंपू लगाएंगे तो इससे सिर्फ आपके बालों को नुकसान ही पहुंचेगा। साथ ही आपको केमिकल युक्त शैंपू को खरीदने से बचना चाहिए और एक प्राकृतिक शैंपू के विकल्प को चुनना चाहिए।



### अक्सर या बालों को ज्यादा धोना

स्वास्थ्य विशेषज्ञ सप्ताह में 2 से 3 बार बालों को धोने की सलाह देते हैं। लेकिन कुछ लोग अक्सर या रोजाना अपने बालों को धोते हैं और शैंपू का इस्तेमाल करते हैं। ऐसा करना आपके स्कैल्प में सूखेपन का कारण बनता है, क्योंकि इससे आपके स्कैल्प और बालों में मौजूद प्राकृतिक तेल छिन जाता है। जब आप ऐसा लगातार करते हैं तो इससे आपके बाल झड़ने लगते हैं। साथ ही बालों की प्राकृतिक चमक कम हो जाती है, बाल ड्राई और पतले होने लगते हैं।

### बालों को धोने के लिए हर बार शैंपू का प्रयोग

बालों और स्कैल्प में जमा गंदगी को साफ करने के लिए शैंपू का इस्तेमाल जरूरी है। लेकिन जब आप बालों को धोने के लिए हर बार शैंपू का इस्तेमाल करते हैं, तो यह न सिर्फ आपके स्कैल्प को ड्राई बनाता है बल्कि रूसी होने के जोखिम को भी बढ़ाता है। जिससे आपके बाल टूटने लगते हैं और लंबे समय तक ऐसा करना गंजेपन का कारण बनता है।

### बालों के साथ-साथ स्कैल्प में कंडीशनर लगाना

बालों में कंडीशनर लगाना आपके बालों की प्राकृतिक चमक को बनाए रखने में मदद करता है। लेकिन अक्सर लोग कंडीशनर को अपने बालों की लंबाई के साथ-साथ अपने स्कैल्प पर भी लगा लेते हैं, लेकिन यह सही नहीं है। विशेषज्ञों की मानें तो कंडीशनर को सिर्फ बालों पर लगाना होता है, क्योंकि अगर आप स्कैल्प पर कंडीशनर लगाते हैं तो यह आपके स्कैल्प को नुकसान पहुंचाता है। आपका स्कैल्प ड्राई होता है और बालों में रूसी की समस्या होती है।



### बालों को धोने के लिए गर्म पानी का इस्तेमाल

बालों को धोने के लिए अक्सर लोग मौसम के अनुसार पानी का चुनाव करते हैं जैसे सर्दी के मौसम में लोग गर्म पानी का इस्तेमाल करते हैं और गर्मी के मौसम में ठंडे या सादे पानी से बाल धोते हैं। लेकिन एक्सपर्ट्स की मानें तो गर्मी हो या सर्दी आपको बालों को धोने के लिए सिर्फ ठंडे या सादे पानी का इस्तेमाल करना चाहिए। क्योंकि जब आप गर्म पानी से बालों को धोते हैं तो यह आपके स्कैल्प पर मौजूद प्राकृतिक तेल को हटा देता है और आपके स्कैल्प को ड्राई बनाता है। जिससे आपके बाल ज्यादा झड़ते हैं।

# अशोक के पेड़ की छाल से दूर होती हैं यह समस्याएं

आयुर्वेद में किसी भी बीमारी का इलाज करने के लिए तरह-तरह के पेड़-पौधों का उपयोग किया जाता है। इन्हीं में अशोक का पेड़ भी शामिल है। अशोक का पेड़ औषधीय गुणों से भरपूर होता है। आयुर्वेद में अशोक के पेड़ की छाल, टहनियां, फूल और पत्तों का उपयोग दवाइयां बनाने के लिए किया जाता है। आयुर्वेद में अशोक के पेड़ का काफी महत्व है। अशोक के फूल, पत्तों और छाल आदि का उपयोगबीमारियों को ठीक करने के लिए किया जाता है। अशोक की छाल महिलाओं की कई समस्याएं दूर करता है। साथ ही अशोक की छाल स्किन, हड्डियों और पेट के लिए भी फायदेमंद होता है।

### बवासीर में कारगर अशोक के पेड़ की छाल

प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में कभी-न-कभी बवासीर का सामना जरूर करता है। अशोक की पेड़ की छाल का उपयोग बवासीर की समस्या होने पर भी किया जा सकता है। इसके लिए आप एक चम्मच अशोक की छाल का पाउडर लें, इसमें शहद और पानी के साथ मिलाकर लें। इससे मल त्याग में आसानी होगी, बवासीर के दर्द में भी आराम मिलेगा।

### त्वचा के लिए फायदेमंद अशोक की छाल

अशोक के पेड़ की छाल सेहत के साथ ही त्वचा के लिए भी फायदेमंद होती है। अशोक की छाल का पाउडर खून साफ करती है, इससे त्वचा पर निखार आता है। साथ ही शरीर में जमा टॉक्सिंस भी बाहर निकलते हैं, जिससे ऑयली, बेजान त्वचा से भी छुटकारा मिलता है।



**पीरियड के दर्द में आराम दिलाए अशोक की छाल :** महिलाओं के लिए अशोक की छाल को काफी फायदेमंद माना गया है। अशोक के पेड़ की छाल पीरियड्स के दौरान होने वाले दर्द, ऐंठन को कम करने में सहायक होती है। पीरियड्स के दौरान दर्द से राहत पाने के लिए आप अशोक की छाल का पाउडर ले सकते हैं।

### हड्डियों के लिए लाभकारी अशोक की छाल

अशोक के पेड़ की छाल में फ्लेवोनॉयड्स, टैनिन और एनाल्जेसिक जैसे औषधीय गुण पाए जाते हैं। ये सभी तत्व हड्डियों के लिए जरूरी होते हैं। यहां तक कि अशोक की छाल का उपयोग हड्डियों को जोड़ने के लिए भी किया जा सकता है।

**पेट की समस्याएं दूर करें अशोक की छाल :** अशोक के पेड़ की छाल का उपयोग पेट की समस्याओं को दूर करने के लिए भी किया जा सकता है। अशोक की छाल पेट के कीड़ों को मारने में कारगर है। इसके अलावा अशोक के पेड़ की छाल अपच, कब्ज आदि समस्याओं में भी लाभकारी है।


### वाइट डिस्चार्ज में फायदेमंद अशोक की छाल

वाइट डिस्चार्ज यानी ल्यूकोरिया महिलाओं में होने वाली एक आम समस्या है। ल्यूकोरिया की समस्या से राहत पाने के लिए आप अशोक की छाल का उपयोग कर सकती हैं। इसके लिए अशोक की छाल को पानी में उबालकर पी लें। पानी तब तक उबालें, जब तक पानी आधा न हो जाए।

# महिला सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में प्रदेशभर में आयोजित हो रहे विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला में गुरुवार को महिला सुरक्षा और जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से राजस्थान पुलिस द्वारा गुरुवार को वर्चुअल माध्यम के जरिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राज्यभर के 820 कॉलेजों के हजारों विद्यार्थियों और शिक्षकों ने एक साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया और साइबर सुरक्षा तथा नए कानूनों पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक



सिविल राईट लता मनोज कुमार ने देवली कॉलेज से जुड़कर विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने युवाओं को महिला सुरक्षा के प्रति संवेदनशील बनने, किसी भी आपात स्थिति में पुलिस से सहायता लेने तथा समाज में सुरक्षा का माहौल बनाने में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उन्होंने राजकॉप सिटीजन ऐप का लाइव डेमो भी प्रस्तुत किया और इसके उपयोग के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर आयुक्त कॉलेज शिक्षा डॉ. ओमप्रकाश बैरवा ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ युवाओं को सामाजिक जिम्मेदारी निभाने और महिला सम्मान को बढ़ावा देने में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने राजस्थान पुलिस की इस पहल का पूरा-पूरा लाभ लेने और समस्त विद्यार्थियों को राजकोप सिटीजन एप को डाउनलोड करते हुए आपदा स्थितियों में लाभ उठाने की अपील की। इस कार्यक्रम में डीआईजी साइबर क्राइम विकास कुमार ने साइबर सुरक्षा विषय पर विस्तृत प्रेजेंटेशन देते हुए विद्यार्थियों को ऑनलाइन ठगी, साइबर अपराधों के नए तरीकों तथा उनसे बचाव के प्रभावी उपायों के बारे में जानकारी दी। वहीं डीआईजी अपराध शाखा दीपक भार्गव ने नवीन न्याय संहिता तथा महिला सुरक्षा से संबंधित कानूनी प्रावधानों पर प्रस्तुति देकर विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण कानूनी जानकारी प्रदान की। इस कार्यक्रम का संचालन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कम्युनिटी पुलिसिंग सुनीता मीणा द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने सक्रियता से भाग लेते हुए विभिन्न विषयों पर अपनी जिज्ञासाएं भी साझा कीं। एडीजी लता मनोज कुमार ने बताया कि राजस्थान पुलिस द्वारा इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा सुरक्षित और संवेदनशील समाज के निर्माण की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

## भामाशाह बैद द्वारा स्कूल में लैपटॉप भेंट



निसं

**बीदासर ( नवयत्न )।** राजकीय विद्यालयों में आवश्यक संसाधन सुलभ करवाने में निरंतर सक्रिय रतनगढ़ के उदारमना भामाशाह शुभकरण बैद के आर्थिक सौजन्य से बीदासर की सरकारी स्कूल में उपयोगार्थ उपलब्ध करवाया गया लैपटॉप रतनगढ़ के उपखंड अधिकारी मिथिलेश कुमार ने विद्यालय प्रतिनिधि को भेंट किया। भामाशाह प्रेरक कुलदीप व्यास ने बताया कि बुधवार को पंचायत समिति रतनगढ़ के सभागार में भंवरी देवी सुथार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बीदासर के वरिष्ठ अध्यापक गोपाल शर्मा को लैपटॉप भेंट करते हुए एसडीएम मिथिलेश कुमार ने शैक्षिक क्षेत्र में दानदाताओं द्वारा दिए जा रहे योगदान को प्रेरणादाई बताया। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी संदीप व्यास ने समाजसेवी शुभकरण बैद द्वारा संचिया लाल बैद ट्रस्ट फंड के ट्रस्टी एवं रतनगढ़ नागरिक परिषद सूरत के संरक्षक के रूप में की जा रही सेवा की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। विद्यालय प्रतिनिधि गोपाल शर्मा एवं विनोद कुमार ने 44 हजार रुपए लागत का लैपटॉप उपलब्ध करवाने पर बैद परिवार का आभार प्रकट किया।

## आयुर्वेद पॉडकास्ट स्टूडियो शुरू



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर में आयुर्वेद को डिजिटल माध्यमों से जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से देश का संभवत पहला आयुर्वेद आधारित पॉडकास्ट स्टूडियो शुरू किया गया है। इसका उद्घाटन संस्थान के 50वें स्वर्ण जयंती समारोह के अवसर पर केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार प्रताप राव जाधव ने किया। संस्थान के कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा ने बताया कि आयुष मंत्रालय के मार्गदर्शन में स्थापित यह स्टूडियो आयुर्वेद की वैज्ञानिक जानकारी, उपचार पद्धतियों और स्वस्थ जीवनशैली से जुड़े विषयों को डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से आमजन तक पहुंचाने का प्रयास है। पॉडकास्ट के जरिए संस्थान के चिकित्सक, शिक्षक और शोधकर्ता रोगों की रोकथाम, पंचकर्म, आहार-विहार और प्राकृतिक जीवनशैली जैसे विषयों पर सरल व प्रमाणिक जानकारी साझा करेंगे। इसके एपिसोड संस्थान के फेसबुक, यूट्यूब और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित किए जाएंगे। इस श्रृंखला का पहला एपिसोड केंद्रीय मंत्री प्रताप राव जाधव ने रिकॉर्ड किया, जिसमें उन्होंने आयुर्वेद की वैश्विक संभावनाओं पर अपने विचार साझा किए।

## शीतला माता कलश यात्रा आज

निसं



**पलसाना ( नवयत्न )।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत मुख्यालय शाहपुरा स्थित नवनिर्मित शीतला माता मंदिर में 14 मार्च को शीतला माता मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा एवं विशाल भजन संध्या एवं भंडारा होगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम जनता शाहपुरा के जन सहयोग से 13 मार्च को सामोताकाबास शाहपुरा बस स्टैंड स्थित बालाजी मंदिर से प्रात: 7:30 बजे सुसज्जित महिलाओं के द्वारा मंगल कलश यात्रा बैंड बाजे के साथ निकाली जाएगी। वही शीतला माता की मूर्ति का नगर भ्रमण होगा। जगह-जगह यात्रा का शानदार स्वागत किया जाएगा। 11 विद्वान पंडितों के द्वारा सुबह सवा 11 बजे आवाहित देवताओं की पूजा अर्चना के बाद नवचंडी पाठ शुरू होंगे। 14 मार्च को सुबह सवा 9 बजे शीतला माता मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम ब्रह्मचारी दिगंबरा आश्रम श्रीमाधोपुर के महंत किशन गिरी महाराज के सानिध्य में होगा। दोपहर में कन्या पूजन के बाद विशाल भंडारे की शुरुआत होगी। रात्रि में गायक विरदीचंद गुर्जर एवं श्योपाल शर्मा एंड पार्टी के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति से मां शीतला का दरबार सजाया जाएगा। वही डांसर सीमा चौधरी एवं सानिया पंजाबी तथा लक्ष्मण छैला के द्वारा हास्य कॉमेडी प्रस्तुत की जाएगी। कार्यक्रम की पूर्व तैयारीयों को लेकर अंतिम रूप दिया गया।

# खाटू श्याम सेवादार समिति का दो दिवसीय वार्षिकोत्सव आज से

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** श्री खाटू श्याम सेवादार समिति, जयपुर के तत्वावधान में दो दिवसीय बाबा श्याम वार्षिकोत्सव एवं भजन रस गंगा का आयोजन 13 और 14 मार्च को किया जाएगा। कार्यक्रम अजमेर रोड स्थित निर्माण नगर के जिंदल गार्डन में आयोजित होगा। समिति के अनुसार वार्षिकोत्सव का शुभारंभ 13 मार्च को शाम 4:15 बजे कलश यात्रा के साथ होगा। कलश यात्रा श्री राम-शिव-हनुमान मंदिर शिवाजी पार्क, श्याम नगर पुलिस स्टेशन के पीछे से रवाना होकर उत्सव स्थल तक पहुंचेगी। यात्रा में 301 महिलाएं एक समान परिधान में सिर पर कलश धारण कर मंगल गीत गाते हुए शामिल होंगी। कलश यात्रा में हाथी, घोड़ा, ऊंट और बग्गी सहित पारंपरिक लवाजमे के साथ बाबा श्याम को




रथ पर विराजमान कर शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे। संत-महात्माओं और समाज के गणमान्य लोगों द्वारा पूजा-अर्चना के साथ यात्रा का शुभारंभ किया जाएगा। 14 मार्च को शाम 4:15 बजे बाबा श्याम का रंग-बिरंगे फूलों से श्रृंगार कर भजन संध्या आयोजित होगी। इसमें भजन गायक संजू शर्मा, रेशमी शर्मा तथा जयपुर के भजन गायक गोपाल सेन, रवि शर्मा, कपिल शर्मा, सागर शर्मा, राहुल पाडिया, आदित्य छीपा, कुमार दया, कुशाल-विशाल और सोमेश जैन भजनों की प्रस्तुति देंगे। इससे पूर्व गुरुवार को समिति की ओर से बाबा श्याम की सेवा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पोस्टर विमोचन के साथ वार्षिकोत्सव का विधिवत शुभारंभ किया गया। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि बाबा श्याम की ज्योत के समक्ष चढ़ावे से एकत्रित धनराशि समाज के जनहितकारी कार्यों में खर्च की जाएगी।

## पूर्व उपराष्ट्रपति ने ढोल बजाकर बढ़ाया विवाह समारोह का उत्साह



निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** बख्तावरपुरा निवासी जय सिंह कटेवा के सुपुत्र के विवाह समारोह में उस समय खास उत्साह का माहौल बन गया जब भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने ढ़ोल बजाकर समारोह में उपस्थित मेहमानों का उत्साह बढ़ा दिया। जयपुर स्थित एक रिसॉर्ट में आयोजित इस विवाह समारोह में देश की कई प्रतिष्ठित हस्तियों की मौजूदगी रही। समारोह के दौरान पूर्व उपराष्ट्रपति ने ढ़ोल की थाप पर कुछ समय तक ताल देते हुए उपस्थित लोगों का अभिवादन किया, जिससे पूरे कार्यक्रम का माहौल और भी आनंदमय हो गया। जानकारी के अनुसार यह विवाह मनोज शशि कटेवा के बेटे तथा झुंझुनू के प्रसिद्ध दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. संजय पवित्र कटेवा के भतीजे डॉ. विधान कटेवा का विवाह डॉ. सोनिया के साथ संपन्न हुआ। विवाह समारोह में पूर्व उपराष्ट्रपति सहित कई जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। पूर्व उपराष्ट्रपति द्वारा ढ़ोल बजाने का यह दृश्य समारोह में उपस्थित लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा।

## बारात में आए दामाद की मौत, दो साले हुए गंभीर घायल

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में शादी समारोह में आए दामाद की सड़क हादसे में मौत हो गई तथा दो जने घायल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रैफर कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटना की जानकारी ली।

घटना को लेकर रतनगढ़ के गांव भावनदेसर निवासी दुर्गादत्त जाट ने पुलिस में मुकदमा दर्ज करवाया है, जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लाश का पोस्टमार्टम करवाकर शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

पुलिस ने बताया कि दुर्गादत्त द्वारा दी गई रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि उसके भतीजे के साले की शादी में शामिल होने के लिए वह और रिश्ते में दो पौत्र देवकरण व मुकेश के साथ पाबूसर आया हुआ था। यहां पर उसके दामाद जयप्रकाश, सुरेंद्र कुमार व अनिल निवासी जालेऊ भी आए हुए थे। बारात गांव पाबूसर से मालासर जानी थी, जिस पर दामाद अनिल की गाड़ी



में पौत्र देवकरण व मुकेश तथा दामाद जयप्रकाश सवार होकर आ गए। रात्रि में इन चारों को सामान लाने के लिए गोगासर भेजा, जहां से ये लोग लौट रहे थे।

इस दौरान गाड़ी अनिल चला रहा था, जिसने तेज गति व लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए सड़क के नीचे उतार दी, जिससे गाड़ी पलटी खा गई। घटना में जयप्रकाश, देवकरण व मुकेश घायल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर जयप्रकाश को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं देवकरण व मुकेश की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें हायर सेंटर रैफर किया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच एएसआई रामनिवास कर रहे हैं।

## हनुमंत कथा आज से

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सर्व आश्रम फाउंडेशन के तत्वावधान में तथा डी. डी. ग्रुप के सहयोग से तीन वर्षों तक चलने वाली अष्टोत्तरशत 108 श्री हनुमंत कथाओं की श्रृंखला के अंतर्गत 54वीं श्री हनुमंत कथा का आयोजन 13 से 15 मार्च तक किया जाएगा। कथा हवा सडक नंदपुरी स्थित अग्रसेन त्रिलोकी सेवा धाम में प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। कार्यक्रम के संयोजक हरिनाम संकीर्तन परिवार के कृष्ण स्वरूप बूब, सह संयोजक अग्रसेन त्रिलोकी सेवा धाम विकास ट्रस्ट के योगगुरु रामबाबू अग्रवाल ने बताया कि व्यासपीठ से अकिंचन महाराज श्री हनुमंत कथा का रस प्रवाह करेंगे। कथा के माध्यम से भगवान श्रीराम और हनुमानजी की भक्ति, सेवा, त्याग और धर्म के आदर्शों का संदेश दिया जाएगा।

## सरकार द्वारा प्रदत्त कार्यों को सदैव प्राथमिकता से करना ही कार्मिकों की खुशी का केन्द्र : महरड़ा



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** दिवराला पशुचिकित्सक डॉ जेपी महरडा का जयपुर पशुपालन में उप निदेशक पदोन्नति होने पर राजपूत भवन में गुरुवार को पशुपालकों, ग्रामीणों ने अभिनंदन समारोह नोडल अधिकारी डॉ प्रवीण पालीवाल, सेवानिवृत्त उप निदेशक डॉ जीएल सैनी की मौजूदगी में आयोजित किया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि डॉ महरडा ने दिवराला में 19 वर्ष पशु चिकित्सक सेवाएँ दी है। इस दौरान इन्होंने पशुपालकों को सरकारी योजनाओं के तहत अधिकाधिक लाभान्वित करके जिले और प्रदेश स्तर पर अव्वल रहे है। लम्पी महामारी के चलते अजीतगढ़ ब्लॉक में 24 पशु चिकित्सालय, उप केंद्र में अकेले चिकित्सक होने के बावजूद कार्मिकों के सहयोग से बेहतरीन कार्य करके गौवंश को बचाने का कार्य किया। इससे पूर्व ग्रामीणों ने मंचस्थ अतिथियों का माल्यार्पण, साफा बंधवाकर स्वागत किया। वहीं नवनियुक्त उप निदेशक डॉ जेपी महरडा को पशुपालकों, ग्रामीणों ने माल्यार्पण, साफा बंधवाकर अनेक स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस दौरान ग्रामीणों ने डॉ महरडा के पिता रिटायर्ड शिक्षक रामधन महरडा, पत्नी आशा देवी व परिजनों का सम्मान किया। इस दौरान डॉ महरडा ने कहा कि उन्होंने दिवराला में 19 साल सेवाएं दी। अजीतगढ़ ब्लॉक मुख्यालय पर भी सेवाएं देकर पूरे अंचल में पशुपालकों के मवेशियों के स्वास्थ्य लाभ के लिए कार्य किए, अब यह इलाका घर के समान लगने लगा है। उन्होंने कार्मिकों से कहा कि सरकार को कल्याणकारी अनेक योजनाओं को पशुपालकों, जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचाने के साथ ही केंद्र पर आए बीमार पशुओं के उपचार का कार्य करना प्राथमिकता रखनी चाहिए। इस दौरान डॉ राजेंद्र यादव, डॉ विक्रम सिंह, डॉ सुरेश यादव, डॉ रोहित शर्मा, डॉ हार्दिक शर्मा, महेंद्र सिंह शेखावत, गोपाल लाल, लक्ष्मण सिंह, धूडाराम, दिलीप सिंह, विजेंद्र सिंह, गुरुमुख सिंह, विक्रम सिंह, श्रीकृष्ण गौशाला अजीतगढ़ प्रबंधन अध्यक्ष चैतन्य मीणा, सचिव मूलशंकर शर्मा, गोपाल सैनी, शंकर लाल यादव, अशोक टेलर समेत अनेक गणमान्य, पशुपालक, ग्रामीण मौजूद थे। मंच संचालन सुशील शर्मा ने किया।

# भगवान आदिनाथ जन्म कल्याणक पर निकली भव्य वाहन रथयात्रा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान जैन युवा महासभा के तत्वावधान में सकल दिगम्बर जैन समाज ने जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ ऋषभदेव का जन्म कल्याणक महोत्सव गुरुवार को धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर प्रतापनगर सेक्टर-5 स्थित श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर से 18 किलोमीटर लंबी विशाल वाहन रथयात्रा निकाली गई, जो विभिन्न मार्गों से होती हुई मानसरोवर के मीरा मार्ग स्थित आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर और आदिनाथ भवन पहुंचकर संपन्न हुई। युवा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन और प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि सुबह सवा 7 बजे समाजसेवी सुनील पहाडियाँ, कमल सरावगी, दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी के अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल और ज्ञानचंद झांझरी ने जैन ध्वज



दिखाकर रथयात्रा का शुभारंभ किया। इससे पहले मंदिर में सामूहिक दर्शन, अभिषेक, शांतिधारा और महाआरती का आयोजन हुआ। रथयात्रा हल्दीघाटी गेट, टोंक रोड, दुर्गापुरा, महावीर नगर, गोपालपुरा बाईपास, मानसरोवर के मध्यम मार्ग और सिटी पार्क चौराहा होते हुए अग्रवाल फार्म के मीरा मार्ग पहुंची। यहां से भगवान आदिनाथ की प्रतिमा के साथ बैंड.बाजों और भजनों के बीच शोभायात्रा निकाली गई और आदिनाथ भवन में समापन हुआ।

रथयात्रा में भगवान आदिनाथ के जीवन प्रसंगों की झांकियां, 24 तीर्थंकरों के रथ, भरत का भारत की झांकी, भजन मंडलियां, शाही लवाजमा, बैंड-बाजे, डी-जे, विंटेज कारें, झंडे-बैनर और बड़ी संख्या में दोपहिया व चौपहिया वाहन शामिल हुए।

देश के 16 तीर्थ क्षेत्रों में स्थापित आदिनाथ भगवान की प्रतिमाओं के चित्र भी जीप रथों पर सजाकर शामिल किए गए। मार्ग में 51 से अधिक दिगम्बर जैन मंदिरों तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य समन्वयक राजीव जैन गाजियाबाद ने बताया कि लगभग दो किलोमीटर लंबी इस रथयात्रा में बड़ी संख्या में युवा और महिलाएं भक्ति में लीन होकर नृत्य करते हुए शामिल हुए। मीरा मार्ग स्थित आदिनाथ भवन में आयोजित धर्मसभा में झंडारोहण और भगवान आदिनाथ के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन किया गया। रमा जैन, सुशीला रावका और रश्मि सांगानेरिया ने मंगलाचरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विनोद जैन कोटखावदा, प्रदीप जैन, राजीव जैन गाजियाबाद और विमल जैन पचेवर ने भगवान आदिनाथ के जीवन और जन्म कल्याणक के महत्व पर प्रकाश डाला।

## प्रेमभाया महोत्सव : नंद बाबा रा लाडला होली का रसिया सांवरा, थांरो गोपी रूप बनास्यां

निसं


**जयपुर ( नवयत्न )।** ढूंढाड़ क्षेत्र के परम्परागत 86वें श्री प्रेमभाया महोत्सव के अंतर्गत आयोजित चार दिवसीय भक्ति संगीत समारोह के दूसरे दिन गुरुवार को चांदपोल बाजार स्थित जयलाल मुंशी का रास्ता स्थित युगल कुटीर में भक्ति और श्रद्धा का अनूठा संगम देखने को मिला। दिन में महिला मंडलों ने भक्ति रस बरसाया। भजनों की मधुर प्रस्तुतियों से वातावरण आध्यात्मिक भाव से सराबोर हो उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ गोपीनाथ महिला मंडल की मोहनी सोनी ने गणेश वंदना से किया। राखी चतुर्वेदी ने तरह रहयो दरश दिखावो गोपीनाथ लक्ष्मी सैनी ने ओ रे नन्द बाबा ने खिज्यो रे, बैठ कदम की डार कान्हों चीर चुरावे रे जैसे भजनों की भावपूर्ण प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। शाम होते ही जयलाल मुंशी का रास्ता दीपावली की भांति रोशनी से जगमगा उठा। रात्रि 8 बजे भक्ति संगीत का मुख्य कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। भजन गायक दीपक शर्मा ने रिद्धि सिद्धि रा भरतार नित की लाडू खावै छै, गढ़ गणेश छै नाम बैठ्या मौज उडावै छै भजन की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। इसके बाद राघव खंडेलवाल ने आओ जी नट नगरिया बेगा सा आओ जी, म्हारी लाज बचाओ जी तथा हरि मोहन गोयल ने नंद बाबा रा लाडला होली



का रसिया सांवरा, थांरो गोपी रूप बनास्यां आवरे-आवरे जैसे भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में आगरा से राजू बावरा, मध्यप्रदेश के अतुल राव, गोपाल सैन, हिमांशी कंडारा सहित अन्य ख्यातिनाम भजन गायकों ने भी अपनी मधुर प्रस्तुतियों से भक्ति रस की अविरल धारा प्रवाहित की। इस अवसर पर श्री प्रेमभाया सरकार का आकर्षक एवं दिव्य श्रृंगार किया गया। आगंतुक भक्तों पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया गया। समिति के संरक्षक विजय किशोर शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को दिन में महिला मंडलों द्वारा भजन-गायन तथा रात्रि 8 बजे से संपूर्ण रात्रि भक्ति संगीत का आयोजन किया जाएगा।

# घूमने का बना रहे प्लान तो जरूर एक्सप्लोर करें मिर्जा गालिब की हवेली, दीवारों पर लिखी हैं शायरियां

दिल्ली में रहने वाले एक मशहूर शायर, जिन्होंने अंग्रेजों और मुगलों के जमाने में अपना नाम इस कदर रोशन किया कि लोग आज भी उन्हें याद करते हैं। यह शायर अपनी बेबाक शेर-ओ-शायरी के लिए जाने जाते हैं। बता दें कि हम मिर्जा गालिब की बात कर रहे हैं। बताया जाता है कि गालिब की शायरी एक नशे की तरह है। जिसे जितना ही पढ़ा जाए, उतना कम हैं। गालिब की शायरी को लेकर इश्क, प्यार और मोहब्बत की दास्तां लिखी जा सकती है। बता दें कि कहीं ना कहीं गालिब की शायरी का दर्द उनके जीवन की कहानी था। आपको उनका यह दर्द गालिब की हवेली में देखने को मिलेगा। अगर आप भी शहंशाह मिर्ज़ा गालिब को समझना और जानना चाहते हैं। तो आपको एक बार गालिब की हवेली को जरूर एक्सप्लोर करना चाहिए। यह हवेली अब म्यूजियम में तब्दील हो चुकी है। बताया जाता है कि बल्लीमारान की इसी हवेली में गालिब ने अपनी जिंदगी की आखिरी रात काटी थी।



## गालिब की हवेली का इतिहास

वैसे तो शायर गालिब आगरा के रहने वाले थे। उनका जन्म साल 1797 में काला महल नामक एक जगह पर हुआ था। लेकिन वह महज 11 साल की उम्र में ही दिल्ली आ गए थे। इसके बाद साल 1812 में गालिब ने उमराव बेगम से शादी कर ली। दिल्ली वही जगह है, जहां पर असदुल्ला बेग खां ने गालिब के नाम से शायरी लिखना शुरू किया था। इसलिए कहा जाता है कि गालिब का जन्म दिल्ली में हुआ था। लेकिन यह हवेली 19वीं सदी में गालिब की रहने की जगह थी। उन्होंने यह हवेली खरीदी नहीं थी। बल्कि उनको यह हवेली उपहार में मिली थी। कहा जाता है कि इसी घर में गालिब ने आखिरी साल बिताए थे।

## हवेली की खासियत

आपको गालिब की हवेली में सिर्फ उनकी शायरी ही नहीं बल्कि गालिब की जिंदगी से जुड़ी चीजों को देखने का भी मौका मिलेगा। हवेली के अंदर जाते ही संगमरमरी बुत पर गालिब की कई किताबें रखी हुई मिलेंगी। इसके अलावा गालिब और उनके परिवार द्वारा इस्तेमाल किए गए बर्तन, सामान और कपड़ों को शीशे के फ्रेम में दिखाया गया है। इसके अलावा हवेली के गलियारे में गालिब की पेंटिं हैं। इस पेंटिंग में वह हुक्का पीते हुए दिखाए गए हैं।

## हवेली की दीवारों मिलेंगी शायरियां

गालिब की हवेली की दीवारों पर उर्दू और हिंदी में शायरियां लिखी हुई हैं। इसके अलावा दूसरे फेमस शायरों के चित्र भी यहां मौजूद हैं। इस हवेली में आपको उस्ताद जौक, हकीम मोमिन खां मोमिन और अबू जफर आदि के चित्र देखने को मिलेंगे। इसी कारण हर साल 27 दिसंबर को गालिब के जन्मदिन के मौके पर इस हवेली में मुशायरे का आयोजन किया जाता है। इसके अलावा इस हवेली में रखी हुई गालिब की मूर्ति का साल 2018 में उद्घाटन किया गया था। गालिब की इस मूर्ति को मशहूर मूर्तिकार रामपूरे ने बनाया है।

## गालिब की हवेली है राष्ट्रीय धरोहर

भारतीय पुरातत्व विभाग ने गालिब की हवेली को धरोहर घोषित कर दिया है। इस हवेली में मौजूद हर चीज और किस्से को सुरक्षित रखा गया है। आप यहां पर गालिब के बारे में दिलचस्प बातों के बारे में भी जान सकते हैं। जैसे उनको शायरी के अलावा क्या शौक था और गालिब को खाने में क्या पसंद था आदि।

## कहां हैं मिर्जा गालिब की हवेली

दिल्ली के चांदनी चौक से सटा इलाका बल्लीमारां की भूलभुलैया जैसी गलियों में एक कासिम जान नामक गली है। उस गली में मस्जिद के पास मिर्जा गालिब की हवेली है। इस हवेली को देखना आपके लिए एक अनोखा अनुभव साबित हो सकता है। सोमवार और सरकारी छुट्टी वाले दिन यह हवेली बंद रहती है। बाकी के समय आप सुबह 11 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक इस हवेली के दीदार के लिए आ सकते हैं। इस हवेली में घूमने के लिए कोई टिकट नहीं लेना पड़ता है।

# बेहद डरावनी हैं दिल्ली की यह खास जगहें

कभी आपके किसी दोस्त ने आपको कोई पैरानॉर्मल कहानी सुनाई हो और आप सब फालतू की बातें सुनकर उन पर हंस दिए हों, तो ऐसा करने वाले आप अकेले नहीं हैं। हम अक्सर उन बातों को नहीं मानना चाहते जिसे हमने खुद देखा या महसूस न किया हो। वहीं, कुछ लोगों के लिए यह बहुत थ्रिलिंग हो सकता है। लेकिन अगर हम कहें कि दिल्ली में ऐसी कई जगह हैं, जहां लोगों ने ऐसी पैरानॉर्मल घटनाओं को महसूस किया है, तो क्या आप इस पर यकीन करेंगे।

## अग्रसेन की बावली

खूबसूरत आर्किटेक्चर की मिसाल इस बावली से कई भूतिया कहानियां भी जुड़ी हुई हैं। तीन मालों में बंटे इस स्टेप वेल के सबसे निचले हिस्से में काले रंग का पानी भरा है, जिसके ऊपर लोहे के रॉड लगे हुए हैं। इसका कारण यह माना जाता है कि कई लोगों ने इस पानी में कूद कर अपनी जान दे दी थी। ऐसा कहा जाता है कि भूतिया शक्तियों के प्रभाव से लोग इस पानी को देखकर हिप्नोटाइज होकर इस पानी में सुसाइड कर लेते थे। इसी कारण से सूरज डूबने के बाद यहां एंट्री मना है। अगर आप भी यहां जाना चाहते हैं तो सुबह 7 से शाम 6 बजे तक यहां घूम सकते हैं। इसका सबसे नजदीकी मेट्रो स्टेशन बाराखम्बा और जनपथ है।



## मलचा महल

जंगलों के बीच मौजूद इस इमारत के बारे में कहानी मशहूर है कि यहां बेगम विलायत और उनके बच्चे रहते थे, लेकिन 1993 में बेगम विलायत ने खुदकुशी कर ली थी और 2017 में बेगम के बेटे प्रिंस रजा मृत मिले थे। जिसके बाद से यह जगह हॉन्टेड जगहों में से एक मानी जाने लगी। ऐसा कहा जाता है कि यहां बेगम विलायत की रूह आज भी भटकती है। धौला कुंआ यहां का सबसे पास मैट्रो स्टेशन है, जहां से ऑटो लेकर आप आसानी से यहां पहुंच सकते हैं।

## भूली भटियारी का महल

सेन्ट्रल रिजर्व फॉरेस्ट में बनी यह इमारत दिल्ली के सबसे भूतिया जगहों में से एक है। मचला महल की तरह ही फिरोज शाह तुगलक ने यह शिकारगाह बनाया था। इस जगह से जुड़ी कई कहानियां सुनने को मिलती हैं, जिनमें से एक है कि भटियारी जाति की एक महिला रास्ता भटक कर यहां आ गई थी, जिसके बाद उसने यहां रहना शुरू कर दिया था और यहीं उसकी मृत्यु हुई थी, जिसके बाद से यहां उसकी आत्मा भटकती है। यहां शाम के बाद जाना मना है। लेकिन दिन के समय आप इस जगह की खूबसूरती का मजा ले सकते हैं। करोल बाग यहां का सबसे सबसे नजदीकी मेट्रो स्टेशन है।

## जमाली कमाली का मकबरा

मेहरौली आर्किओलॉजिकल पार्क में स्थित यह मकबरा मुगल काल के समय की आर्किटेक्चर की बहुत सुंदर मिसाल है। यहां सूफी संत जमालि और उनके शागिर्द कमाली को दफनाया गया था। इस जगह के साथ कहानी मशहूर है कि यहां जिन्न रहते हैं। लोगों ने यहां फुसफुसाने की आवाज और जैसे बगल में कोई खड़ा है ऐसी चीजें महसूस की हैं। इसके सबसे पास ग्रीन पार्क मेट्रो स्टेशन है।

## फिरोज शाह कोटला किला

फिरोज शाह तुगलक द्वारा बनवाया गया यह किला आज दिल्ली के सबसे हॉन्टेड जगहों में से एक है। इस जगह के साथ कहानी जुड़ी है कि यहां जिन्नों का बसेरा है और जो लोग इन बातों पर विश्वास करते हैं, वे यहां आकर जिन्न से अपनी प्रॉब्लम का समाधान मांगने के लिए चिट्ठी छोड़कर जाते हैं। यहां का सबसे नजदीकी मेट्रो स्टेशन दिल्ली गेट है।

# उज्जैन के आसपास हैं ये खूबसूरत जगहें, पर्यटक करें एक्सप्लोर

जब बात घूमने की आती है तो कोई भी व्यक्ति ऐसी जगह जाना चाहता है जहां आध्यात्मिक आनंद लेने का भी मौका मिले और कुछ एडवेंचर का भी लुत्फ़ उठा सकें। महाकाल की नगरी यानी उज्जैन भी कुछ ऐसी ही जगह है। शिप्रा नदी के तट पर स्थित उज्जैन मध्य प्रदेश के सबसे पवित्र शहरों में से एक है। लेकिन इस शहर की खूबसूरती जिस कदर भारत भर में प्रचलित है ठीक उसी तरह शहर के आसपास कुछ ऐसी जगहें हैं जो घूमने के लिहाज से बेहतरीन स्थान है।



## देवास

महाकाल की नगरी के आसपास अगर घूमने के लिए सबसे खूबसूरत कोई जगह है तो देवास उसमें से एक स्थान हो सकता सकता है। प्राकृतिक सुन्दरता से भरपूर इस शहर में घूमने के लिए हर दिन हजारों लोग पहुंचते हैं। देवास में आप कावड़िया हिल्स, मीठा तालाब देवास, शिप्रा बांध, पुष्पगिरी तीर्थ और शंकरगढ़ हिल्स जैसी अन्य कई जगहों पर परिवार, दोस्तों या पार्टनर एक साथ घूमने के लिए जा सकते हैं।

**दूरी :** उज्जैन से लगभग 36 किमी।


## रतलाम

रतलाम मध्य प्रदेश का एक खूबसूरत जिला है। कहा जाता है कि इस खूबसूरत जिले पर किसी समय महाराज रतन सिंह का शासन था। इस शहर में एक खूबसूरत सेलाना पैलेस है और इस पैलेस के बीच में तक़रीबन 200 साल प्राचीन एक गार्डन भी है। रतलाम जिले में आप बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान, कैक्टस गार्डन, धोलावाद डैम और हिमालय की तराई क्षेत्र में स्थित खरमौर अभयारण्य भी घूमने के लिए एक बेहतरीन पर्यटक स्थल है।

**दूरी :** उज्जैन से लगभग 103 किमी।

## रालामंडल वाइल्ड लाइफ सैंक्चुरी

रालामंडल वाइल्ड लाइफ सैंक्चुरी एक ऐसी जगह है जहां सिर्फ उज्जैन ही नहीं बल्कि मध्य प्रदेश



के अन्य शहर से भी लोग घूमने के लिए पहुंचते हैं। समुद्र तल से लगभग 700 से अधिक मीटर की ऊंचाई पर मौजूद यह सैंक्चुरी कई प्रवासी पक्षियों का घर भी है। अगर आप हरियाली और ठंडी हवा के बीच घूमना चाहते हैं तो फिर आपको यहां ज़रूर जाना चाहिए। इस सैंक्चुरी में घूमने के साथ-साथ आप जीप सफारी का भीलुत्फ़ उठा सकते हैं। यहां आप ट्रैकिंग भी कर सकते हैं। आपको बता दें कि अभ्यारण्य सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक ही खुला रहता है।

**दूरी :** उज्जैन से लगभग 69 किमी।

## जानापाव कुटी

ऊंचे-ऊंचे पहाड़ और हरियाली से घिरा यह स्थान सैलानियों के बीच काफी लोकप्रिय है। जानापाव कुटी को भगवान पशुराम का जन्म स्थान माना है। यह कुटी (पहाड़) कई दुर्लभ औषधीय जड़ी-बूटियों के लिए भी प्रसिद्ध है। जानापाव कुटी की पहाड़ियां चंबल नदी के उद्गम स्थल के रूप में भी लोकप्रिय है। कहा जाता है कि जानापाव कुटी एक नहीं बल्कि कई लुभावने दृश्यों के लिए प्रसिद्ध है। यहां आप ट्रैकिंग का भी लुत्फ़ उठा सकते हैं।

**दूरी :** उज्जैन से लगभग 98 किमी।

अगर आपको यह स्टोरी अच्छी लगी हो तो इसे फेसबुक पर जरूर शेयर करें और इसी तरह के अन्य लेख पढ़ने के लिए जुड़ी रहें आपकी अपनी वेबसाइट हरजिन्दगी के साथ।




# नवाबों के शहर लखनऊ में बना है एशिया का सबसे बड़ा पार्क

भारत का हर कोना किसी ना किसी रंग से भरा हुआ है। भारत के हर राज्य को प्रकृति का आशीर्वाद मिली है। देश में तमाम ऐसे पार्क हैं, जिनकी प्राकृतिक सुंदरता किसी का भी मन मोह सकती है। वैसे तो आपने अपने शहर में कई खूबसूरत पार्क देखे होंगे। लेकिन आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको एशिया के सबसे बड़े पार्क के बारे में बताने जा रहे हैं। यह पार्क उत्तर प्रदेश में हैं। यहां पर आपको तरह-तरह के फूलों से लेकर मछलियां आदि तक देखने को मिल जाएंगी। आपको इस पार्क में ऐसी कई चीजें देखने को मिलेंगी जो शायद आपने अन्य पार्कों में ना देखी हों।

## जनेश्वर मिश्र पार्क

आपको बता दें कि यहां पर एशिया के सबसे बड़े पार्क जनेश्वर मिश्र पार्क के बारे में बात कर रहे हैं। नवाबों के शहर लखनऊ के गोमती नगर एक्सटेंशन के 376 एकड़ के एरिया में यह पार्क फैला हुआ है। साल 2014 में यह पार्क बनकर तैयार हुआ था। जनेश्वर मिश्र पार्क में आपको कई तरह के पक्षी की प्रजातियां देखने को मिलेंगी। इस पार्क की सुंदरता को देखने के लिए दूर-दूर से लोग यहां आते हैं।

## गोंडोला नाव का मजा

जनेश्वर मिश्र पार्क में आप गोंडोला नाव का भी लुत्फ उठा सकते हैं। इस नाव की शुरूआत इटली के वेनिस शहर से हुई थी। इस नाव को बनाकर तैयार करने में एक अलग तरह की लकड़ी का इस्तेमाल किया जाता है। वहीं गोंडोला नाव का आकार भी अन्य नावों से अलग होता है। माना जाता है कि गोंडोला नाव लगातार 20 साल तक पानी में रहने के बाद भी खराब नहीं होती है। इस एक नाव की कीमत करीब 16 लाख रुपए है।

## वॉटर स्क्रीन शो

जनेश्वर मिश्र पार्क का वॉटर स्क्रीन शो देखने लायक होता है। पार्क में पानी की सतह पर डिजिटल उपकरण से रंग-बिरंगे नजारों को उकेरा जाता है। फिर शो में तस्वीरें हवा में तैरती हुई नजर आती हैं। पानी पर लगी रंग-बिरंगी तस्वीरें लोगों को हैरत में डाल देती हैं। आपको जानकर हैरानी होगी कि इस पार्क के रखरखाव में हर साल सरकार 20 करोड़ रुपए तक खर्च करती है।

## पार्क का कहानी घर

इस पार्क में आपको कहानी घर भी देखने को मिलेगा। कहानी घर को 700 मीटर लंबा बनाया गया है। इसके अंदर डिजिटल चीजों का इस्तेमाल किया गया है। इसके अलावा यहां पर एक बहुत सुंदर सेल्फी प्वाइंट भी है। जो इंजन के पास स्थित है। इसके साथ ही इस पार्क में आपको रेलवे का हेरिटेज इंजन देखने को मिलेगा। गुजरात से खास इस इंजन को मंगाया गया था। इस इंजन को स्थापित करने में 2 करोड़ 35 लाख रूपए खर्च हुए थे।

## यहां बनेगा जुरासिक पार्क

जनेश्वर मिश्र पार्क में जल्द ही स्केटिंग के शौकीनों के लिए स्केटिंग फील्ड बनाकर तैयार किया जाएगा। इसके अलावा पार्क में स्क्रैप से जुरासिक पार्क भी तैयार होगा। जुरासिक पार्क में एक साथ 40 लोग 3डी की तर्ज पर रोचक चीजों का मजा ले सकेंगे। इस पार्क में आप बोटिंग, फुटबॉल का मैदान, कैंटीन और साइकिल ट्रेक का लुत्फ ले सकते हैं।



# कवि सम्मेलन 18 मार्च को

जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** नव सम्वत्सर 2083 के आगमन के अवसर पर झुंझुनूं में 17वां विराट राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जानकारी देते हुए नव वर्ष समारोह समिति के सचिव राजकुमार मोरवाल ने बताया कि प्रति वर्ष की भाँति इस वर्ष भी चैत्र शुक्ला एकम् विक्रम सम्वत 2083 की पूर्व संध्या पर 18 मार्च, 2026, बुधवार को 17वां विराट राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। श्री राणी सती जी मंदिर झुंझुनूं के सौजन्य से होने वाले इस कवि सम्मेलन में देश के ख्यातनाम कवि अपनी रचनाएँ प्रस्तुत करेंगें। कवि सम्मेलन में श्री रानी सती मंदिर के ट्रस्टी देवेन्द्र झुनझुनवाला सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी अतिथि रहेंगे। राजकुमार मोरवाल ने बताया कि भारतीय संस्कृति के रक्षण पोषण हेतु गत सतरह वर्षों से लगातार झुंझुनूं में नव संवत्सर राष्ट्रीय कवि सम्मेलन के रूप में मनाया जाता है। हजारों नागरिकों की उपस्थिति में होने वाले शेखावाटी के प्रसिद्ध एवं विराट कवि सम्मेलन में इस बार भी देश के ख्यातनाम कवि काव्य पाठ करेंगें जिनमें अरूण जैमिनी, सुनिल जोगी, विनित चौहान, चिराग जैन, मनीषा शुक्ला, हरीश हिन्दुस्तानी काव्य पाठ करेंगे। जिसमें हास्य, वीर, श्रृंगार एवं देशभक्ति के रसों से परिपूर्ण यह कवि सम्मेलन शेखावाटी में अनूठा व बेजोड़ है। कवि सम्मेलन की व्यापक तैयारियां को अंतिम रूप देने के लिए एस एस मोदी विद्या विहार में समिति के अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह बड़ाऊ की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। जिसमें राजकुमार मोरवाल, मुकेश हलवाई, मनीष अग्रवाल, सूर्यकान्त टीबड़ा, बजरंग सिंह शेखावत, अनिल ढण्ड, राजेश गुप्ता, राजेश जुगाड़, सोमेश भारद्वाज, प्रेम प्रकाश मोदी, चिंटू नारनोली, दीपक नूआं, विनोद सिंघानियां, दिनेश अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, नरेन्द्र वर्मा, विपुल छक्कड़, गौवर्धन सैनी, पीके सिंह, अनिल मिश्रा, महेन्द्र सोनी, मुकेश फोटोग्राफर, कमल डालमिया, ओमप्रकाश शर्मा और संजय शुक्ला आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रौद्र संवत्सर का आरंभ 19 मार्च से

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि 19 मार्च से विक्रम संवत 2083 का शुभारंभ होगा। वर्ष भर होने वाले धार्मिक संकल्प, पूजा-पाठ और अनुष्ठानों में संकल्प संवत्सर के रूप में रौद्र नाम का उच्चारण किया जाएगा। नवसंवत्सर के साथ ही चैत्र नवरात्र का भी शुभारंभ होगा, जो शक्ति उपासना का प्रमुख पर्व है। भारतीय पंचांग के अनुसार इसी दिन से नव संवत्सर का आरंभ माना जाता है, जिसे सृष्टि के नवचक्र की शुरुआत का प्रतीक भी कहा गया है। ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार इस वर्ष ब्रह्मांडीय व्यवस्था में विशेष परिवर्तन होगा तथा देव गुरु बृहस्पति सृष्टि की सत्ता के प्रमुख अधिष्ठाता माने जाएंगे। ज्योतिषाचार्य डॉ. महेन्द्र मिश्रा के अनुसार संवत 2083 का नाम रौद्र संवत्सर होगा, जिसका स्वभाव तीव्र और परिवर्तनकारी माना जाता है। रौद्र संवत्सर का प्रभाव प्राकृतिक और पर्यावरणीय परिस्थितियों पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे सकता है। इस दौरान मौसम में असंतुलन की स्थिति बन सकती है। गर्मी के मौसम में कहीं अत्यधिक तापमान और लू का प्रकोप देखने को मिल सकता है, वहीं कुछ क्षेत्रों में सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना है। इसके विपरीत कुछ स्थानों पर अल्पवर्षा या सूखे की स्थिति भी बन सकती है। प्राकृतिक आपदाओं जैसे आंधी-तूफान, भूकंप और अतिवृष्टि की घटनाओं में वृद्धि की आशंका भी जताई जा रही है। ज्योतिषाचार्य डॉ. मिश्रा के अनुसार रौद्र संवत्सर में मंत्री पद पर मंगल देव का प्रभाव रहेगा। मंगल को उग्रता और ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है, इसलिए इस दौरान हिंसा और अपराध की घटनाओं में वृद्धि की आशंका जताई जा रही है। लोगों के स्वभाव में क्रोध और आवेश बढ़ सकता है तथा रक्त संबंधी बीमारियों का खतरा भी बढने की आशंका है। हालांकि ग्रहों की संतुलित स्थिति के कारण परिस्थितियां पूरी तरह अनियंत्रित नहीं होंगी और नियंत्रण बना रहेगा।

# जामुन का पेड़ नाटक 15 मार्च को

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** रंगशिल्प की ओर से रवींद्र मंच के संरक्षण और उसके महत्व को लेकर 15 मार्च को सायं 7 बजे रविंद्र मंच पर व्यंग्य नाटक जामुन का पेड़ का मंचन किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार यह नाटक प्रशासनिक व्यवस्थाओं और उनके कार्यकलापों पर तीखा व्यंग्य प्रस्तुत करता है। साथ ही इसके माध्यम से रविंद्र मंच की वर्तमान स्थिति और राज्य सरकार की अनदेखी का मुद्दा भी उठाया जाएगा। रंगशिल्प का कहना है कि पर्याप्त बजट के अभाव में रविंद्र मंच की इमारत जर्जर होती जा रही है। सांस्कृतिक गतिविधियों में कमी और लोगों की घटती भागीदारी भी इसी का परिणाम है। रंगकर्मियों और विभिन्न सांस्कृतिक संस्थाओं ने समय-समय पर सरकार से रविंद्र मंच के रखरखाव के लिए पर्याप्त बजट उपलब्ध कराने की मांग की है। रंगशिल्प का उद्देश्य इस नाटक के माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करना और यह याद दिलाना है कि रविंद्र मंच राज्य की महत्वपूर्ण सांस्कृतिक धरोहर है।

## ग्रहों के राजा सूर्य देव 15 मार्च को बदलेंगे अपनी चाल

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** ज्योतिष शास्त्र में ग्रहों के राजा माने जाने वाले सूर्य देव 15 मार्च को अपनी चाल बदलने जा रहे हैं। सूर्य रात 01:08 बजे कुंभ राशि से निकलकर देवगुरु बृहस्पति की राशि मीन में प्रवेश करेंगे। सूर्य का यह गोचर 14 अप्रैल की सुबह 09:38 बजे तक मीन राशि में रहेगा। पंडित राजेश शर्मा के अनुसार सूर्य आत्मविश्वास, सत्ता, नेतृत्व और प्राण शक्ति का प्रतीक है, जबकि मीन राशि करुणा, कल्पना, आध्यात्मिकता और संवेदनशीलता की प्रतिनिधि है। जब सूर्य की तेजस्वी ऊर्जा मीन की कोमल प्रकृति से मिलती है, तब यह समय व्यक्ति को तार्किक बुद्धि के साथ-साथ अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनने के लिए प्रेरित करता है। इस अवधि में लोग अधिक भावुक, सृजनात्मक और आध्यात्मिक महसूस कर सकते हैं।

साथ ही यह समय मानसिक थकान को दूर कर भावनात्मक रूप से स्वयं को संतुलित करने के लिए भी अनुकूल माना जाता है। यह गोचर विशेष रूप से सात राशियों के लिए शुभ परिणाम देने वाला साबित हो सकता है।


## आम सूचना

Au small finance bank शाखा सरदारशहर द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री विशाल कुमार पुत्र भूपेंद्र कुमार नाई निवासी सरदारशहर जिला चूरू अपनी व्यवसायिक जायदाद दुकान नंबर 07, तादादी 180 वर्ग फिट वाके वार्ड नम्बर 13, तहसील सरदारशहर जिला चूरू जो की जरिये विक्रय पत्र डीड दिनांकित 17.03.2023 को तेजकरण पुत्र रिद्धकरण व गिरिश पुत्र राजकरण जम्मर व योगेश पुत्र निर्मल कुमार जम्मर व शुभकरण पुत्र रिद्धकरण जम्मर व हरीश पुत्र राजकरण जम्मर स्वयं व जरिये GPA मंजू देवी पत्नी राजकरण जम्मर, सुषमा इत्यादि से खरीद शुदा है। उक्त जायदाद को प्रार्थी Au small finance bank शाखा सरदारशहर में रहन रख कर वित्तीय सहायता प्राप्त करना चाहती है। अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पति संबंधित किसी बैंक वित्तीय संस्थान या किसी व्यक्ति विशेष को कोई उज्र आपत्ति या उक्त संपत्ति के स्वामित्व संबंधित कोई वाद विवाद हो तो अगले 07 दिवस में Au small finance bank शाखा सरदारशहर के ब्रांच मैनेजर अथवा ब्रांच अधिवक्ता भरत व्यास एडवोकेट को लिखित में सूचना दें बाद गुजरे मियाद दी गई आपत्ति अमान्य समझी जाएगी।

**भरत व्यास एडवोकेट, मो. 78774 80007, 78774 70007**


# 15 मार्च को सामूहिक गणगौर-ईसर पूजन

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** चैत्र मास के सुहाग पर्व गणगौर के उपलक्ष्य में मुरलीपुरा के विकासनगर में गौरव बाल निकेतन स्कूल के पास होली चौराहे पर रविवार, 15 मार्च को सुबह 10 से 11 बजे तक सामूहिक गणगौर-ईसर पूजन समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में शामिल होने वाली महिलाओं को पूजन सामग्री निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। आयोजन में विशेष आकर्षण के रूप में श्री गोविंद देव जी मंदिर से लाए गए गणगौर-ईसर स्वरूप का विशेष पूजन किया जाएगा। पारंपरिक वेशभूषा में सजी तीन महिलाओं को नखराली गणगौर पुरस्कार तथा दो वयोवृद्ध माताओं को बूढ़ी गणगौर सम्मान देकर सुहाग सामग्री और स्मृति चिह्न प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम में गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी, गायत्री चेतना केन्द्र मुरलीपुरा, विकास नगर विकास समिति मुरलीपुरा तथा नवयुवक मंडल विकास नगर का सहयोग रहेगा।

विकासनगर विकास समिति के अध्यक्ष पन्नालाल तंवर ने क्षेत्रवासियों से परिवार सहित शामिल होने का आह्वान किया है। इससे पूर्व सुबह 8 से 10 बजे तक निःशुल्क पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ आयोजित होगा, जिसमें श्रद्धालु आहुतियां देकर पुण्य लाभ प्राप्त करेंगे।

सौभाग्यवती महिलाएं अखंड सुख-सौभाग्य की कामना से विशेष आहुतियां देंगी। मनु महाराज के सान्निध्य में होने वाले आयोजन का दीप प्रज्वलन पं. कृष्णा शर्मा करेंगे।

# गृह रक्षा स्वयंसेवकों की नामांकन प्रक्रिया 16 से

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र जयपुर में वर्ष 2022 के लिए स्वयंसेवकों की नामांकन प्रक्रिया 16 मार्च से 4 अप्रैल 2026 तक केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान, गृह रक्षा राजस्थान फतेहपुरा वेगस में आयोजित की जाएगी। निदेशालय गृह रक्षा राजस्थान की ओर से गठित चयन समिति के सदस्यों की मौजूदगी में यह प्रक्रिया पूरी होगी। समिति में केन्द्र या गण के समादेष्टा, गृह रक्षा महानिदेशक के प्रतिनिधि और जिला पुलिस अधीक्षक के प्रतिनिधि शामिल रहेंगे। इस प्रक्रिया में 269 रिक्त पदों के लिए 67 हजार 943 अभ्यर्थी भाग लेंगे। अभ्यर्थियों को नामांकन की सूचना मोबाइल पर एसएमएस और ई-मेल के माध्यम से भेजी जाएगी, जिसके बाद वे विभागीय वेबसाइट से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। लगभग तीन सप्ताह तक चलने वाली इस प्रक्रिया में अलग-अलग जिलों के अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि और समय पर बुलाया जाएगा। अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र में दिए निर्देशों का पालन करते हुए मूल निवास, आयु, शैक्षणिक योग्यता, जाति, चिकित्सा, विवाह और पुलिस सत्यापन सहित आवश्यक मूल दस्तावेज साथ लाने होंगे। नामांकन स्थल में प्रवेश के बाद दस्तावेज लाने के लिए बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी।

# 15 मार्च को होगा जयपुर ऑडिशन का आयोजन

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** देश के प्रतिष्ठित ब्यूटी पेजेंट मंच इंडिया ग्लैम ऑर्गेनाइजेशन द्वारा राजस्थान की प्रतिभाशाली युवतियों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के उद्देश्य से मिस ग्लैम राजस्थान 2026 का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में प्रतियोगिता के पहले सीजन का आधिकारिक पोस्टर लॉन्च किया गया। इस अवसर पर फर्स्ट इंडिया राजस्थान एवं भारत 24 नेशनल न्यूज चैनल के सीएमडी डॉ. जगदीश चंद्र ने पोस्टर का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि इंडिया ग्लैम आज देश का एक विश्वसनीय और प्रतिष्ठित मंच बन चुका है, जो युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान कर रहा है। मिस ग्लैम राजस्थान जैसे स्टेट लेवल ब्यूटी पेजेंट से राजस्थान की युवतियों को मॉडलिंग और फैशन इंडस्ट्री में आगे बढ़ने का सुनहरा मौका मिलेगा। इंडिया ग्लैम के डायरेक्टर पवन टांक ने इस अवसर पर डॉ. जगदीश चंद्र को मिस ग्लैम राजस्थान के ग्रैंड फिनाले के लिए मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करते हुए उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। मिस ग्लैम राजस्थान की डायरेक्टर कीर्ति टांक ने बताया कि यह स्टेट लेवल ब्यूटी पेजेंट भारत 24 नेशनल न्यूज चैनल, फर्स्ट इंडिया राजस्थान तथा ब्लैक रॉक होटल एंड रिसोर्ट ग्रुप के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि यह मंच उन प्रतिभाशाली युवतियों के लिए एक शानदार अवसर है, जो मॉडलिंग और फैशन जगत में अपना करियर बनाना चाहती हैं। उन्होंने आगे बताया कि मिस ग्लैम राजस्थान के माध्यम से राजस्थान की समृद्ध संस्कृति, परंपरा, पहनावा और विरासत को आधुनिक अंदाज में प्रस्तुत किया जाएगा।

इस प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों की प्रतिभाशाली प्रतिभागियों को मंच मिलेगा, जहाँ वे अपनी खूबसूरती, आत्मविश्वास और प्रतिभा के साथ राजस्थान की संस्कृति को नए अंदाज में दुनिया के सामने प्रस्तुत करेंगी। मिस ग्लैम राजस्थान के जयपुर ऑडिशन का आयोजन 15 मार्च रविवार को क्लब टेडी, सोडाला पालिका बाजार के सामने, जयपुर में प्रातः 11 बजे से किया जाएगा, जिसमें पूरे राजस्थान से इच्छुक प्रतिभागी भाग ले सकती हैं। इस भव्य आयोजन का ग्रैंड फिनाले 5 अप्रैल को अनंत महल, मानसरोवर जयपुर में आयोजित किया जाएगा, जिसमें फिल्म और फैशन इंडस्ट्री के साथ-साथ राजस्थान की कई जानी.मानी हस्तियां शामिल होंगी।

# जोगी समाज की बैठक आयोजित

निसं



**चिड़ासन ( नवयत्न )।** गांव में बालाजी मंदिर परिसर में जोगी सर्व समाज की बैठक हुई। बैठक में उपस्थित लोगो ने सर्वसम्मति से श्याम सुंदर योगी को अध्यक्ष चुना और इन्द्राज योगी को समाज का संरक्षक चुना गया। इस बैठक में लगभग पुरे गाँव के योगी समाज के महिला और पुरुष इकठा हुए। सबसे पहले श्याम सुंदर को अध्यक्ष चुनने पर उसका सम्मान किया गया। बैठक में उपस्थित लोगों ने समाज में फैल रहे नशा व दहेज प्रथा, मृत्यु भोज, बाल विवाह जैसी कुरीतियों को सर्वसहमती से दूर करने का फैसला लिया गया। सभी ने मिलकर सामाजिक बुराईयों को समाप्त करने का संकल्प लिया। समाज में महिला शिक्षा पर जोर दिया गया और समाज में जागरूकता फैलाने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर इन्द्राज सिंह, राधेश्याम, श्यामसुंदर, रमेश, छतु राम, महेंद्र, अनिल कुमार, राकेश, अक्षय, लीलाराम योगी, सांवरमल योगी, सुनिल कुमार योगी आदि समाज के लोग मौके पर उपस्थित रहे।

# चर्चा का विषय : पूनिया परिवार ने भरा 21 लाख का मायरा



निसं

**नवलगढ़ ( नवयत्न )।** डूंडलोद के पूनिया परिवार (होटल नवलगढ़ प्लाजा वाले) नवलगढ़ द्वारा मील परिवार थोरासी में अपनी बहन के मायरा में 21 लाख रुपए का भव्य मायरा भरकर पूरे क्षेत्र को चौंका दिया। यह आयोजन सीकर के थोरासी में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुआ। भाई जगदीश पूनिया की उपस्थिति में सभी भाइयों ने बहन को चुनड़ी ओढ़ाकर मायरा रस्म पूरी की। इस भव्य मायरे की चर्चा अब केवल जाट समाज ही नहीं बल्कि पूरे शेखावाटी क्षेत्र में हो रही है।

इस दौरान बड़ी संख्या में समाजबंधु, पूर्व चिकित्सा मंत्री नवलगढ़ विधायक डॉ राजकुमार शर्मा, सीकर जिला उप प्रमुख ताराचंद धायल, अंतर्राष्ट्रीय लोक गायकर संजय मुकुंदगढ़, मुकुंदगढ़ चेयरमैन मनीष चौधरी, सीए रोहित चौधरी झुंझुनू, शिवकरण जानू गीतांजलि ज्वेलर्स, पबाना सरपंच विजेंद्र सिंह डोटासरा, नवलगढ़ के पूर्व वाईस चेयरमैन कैलाश चोटिया, समाजसेवी गिरधारी इंदौरिया, सरपंच नरेन्द्र कड़वाल, सरपंच राजेश एचरा सहित 500 गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### मायरे में दिया

21 लाख रुपए नकद जगदीश व मनफूल पूनिया द्वारा। 1 लाख 1 हजार रुपए नकद ताऊ के बेटे भाई सुरेश और चचेरे भाई महेंद्र पूनिया द्वारा। 14.51 लाख का सोना-चांदी। 5.55 लाख टीके की रस्म में दिए।

# नेत्र जांच व लेंस प्रत्यारोपण शिविर 17 को

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** द यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ व जानकीप्रसाद शर्मा मेमोरियल चेरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में स्व. इस्माइल छींपा की पुण्य स्मृति में उनके पुत्र रफीक कूकड़ा के सौजन्य से 17 मार्च को आयोजित होने वाले निःशुल्क नेत्र जांच व लेंस प्रत्यारोपण शिविर के पोस्टर व पैंपलेट का विमोचन द यंग्स क्लब ट्रस्ट सभागार में किया गया। क्लब के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा ने बताया कि उक्त नेत्र शिविर में प्रख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अपूर्व कोटिया द्वारा रोगियों की निःशुल्क जांच कर ऑपरेशन लायक रोगियों का चयन किया जायेगा चयनित रोगियों के निःशुल्क लेंस प्रत्यारोपण डॉ मोहन जैन आई हॉस्पिटल सुजानगढ़ में डॉ अपूर्व कोटिया द्वारा निःशुल्क किए जाएंगे। विमोचन के दौरान डॉ सरोज कुमार छाबड़ा, एडवोकेट पवन दाधीच, डॉ अपूर्व कोटिया, भामाशाह रफीक कूकड़ा, हरि प्रसाद तोदी, क्लब सचिव महावीर मिरनका, हाजी मोहम्मद, ललित सोनी, गिरधर शर्मा आदि मौजूद रहे।

# रात्रि चौपाल कार्यक्रमों का निर्धारण

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने आदेश जारी कर मार्च माह में होनी वाली रात्रि चौपाल एवं जनसुनवाई कार्यक्रमों का निर्धारण कर दिया है। उन्होंने बताया कि 18 मार्च को नेछवा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत रूल्याणी, 25 मार्च 2026 को खण्डेला पंचायत समिति की ग्राम पंचायत तपीपल्या में रात्रि चौपाल व जनसुनवाई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।


## कार्यालय नगरपालिका खाटूश्यामजी जिला-सीकर

khatushyamji.jaipur@gmail.com

निविदा कमांक/नपाखा/2026-27/3826 दिनांक : 06.03.2026

**ई-बोली आमत्रण सूचना**

नगर पालिका खाटूश्यामजी द्वारा साफ-सफाई कचरा संग्रहण एवं परिवहन हेतु दिनांक 27.03.2026 समय 11.00AM तक ऑनलाईन निविदा के माध्यम से प्रस्ताव आंमत्रित करती है अन्य जनकारी http://sppp.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in ओर कार्यालय में देखी जा सकती है।

UBN NO. DLB2526WSOB37441

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका खाटूश्यामजी

राज.संवाद/सी/25/22220

## कार्यालय नगरपालिका रामगढ-शेखावाटी (सीकर)

क्रमांक :- न.पा.रा/2025-26/903 दिनांक :-09.03.2026

**निविदा सूचना 39/2025-26**

एदत् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका रामगढ शेखावाटी द्वारा सक्षम श्रेणी मे पंजिकृत संवेदको से मोहर बन्द निविदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी लोक उपापन पोर्टल http://sppp.raj.nic.in पर NIB Code DLB2526B2635 Bid Title/(UBN) DLB2526SSOB37492 एवं कार्यालय नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है।

नोटः- निविदा में RTPP Act 2012 & Rules 2013 के नियम लागु होगे।

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका रामगढ (सीकर)

राज.संवाद/सी/25/22219

## कार्यालय नगरपालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) राजस्थान

क्रमांक/न.पा.श्रीमा/विकास/2025-26/2863 दिनांक :- 09.03.2026

**ई-निविदा सूचना संख्या (06/2025-26)**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्य के लिए उपयुक्त श्रेणी कें संवेदको जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदको के समकक्ष हो, से निम्नांकित कार्य ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रकिया हेतु ऑन-लाईन बोली आमंत्रित की जाती है, बोली फार्म एवं ई-बोली से सम्बन्धित विवरण व शर्ते वेब साईट www.sppp.rajasthan.gov.in व www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है :-

| | | |
|---|---|---|
| बोली का कार्य (कुल 12 कार्य) | : | NIB Code:- DLB2526B2643 |
| Unique Bid Number | | 1. DLB2526WSOB37509<br>2. DLB2526WSOB37511<br>3. DLB2526WSOB37513<br>4. DLB2526WSOB37514<br>5. DLB2526WSOB37516<br>6. DLB2526WSOB37519<br>7. DLB2526WSOB37520<br>8. DLB2526WSOB37521<br>9. DLB2526WSOB37523<br>10. DLB2526WSOB37525<br>11. DLB2526WSOB37527<br>12. DLB2526WSOB37529 |
| बोली की कुल लागत | | राशि 287.65 लाख (सभी कार्यो की अनुमानित लागत) |
| बोली जारी करने की दिनांक | | दिनांक 09.03.2026 |
| बोली दस्तावेजों को डाउनलोड व अपलोड करने की दिनांक व समय | | दिनांक 10.03.2026 को सांयकाल 06.00 बजे से दिनांक 24.03.2026 को सांयकाल 6.00 बजे तक |
| निविदा शुल्क, प्रोसेसिंग शुल्क व धरोहर राशि, दस्तावेज जमा कराने की दिनांक | | दिनांक 25.03.2026 को प्रातः 11:00 बजे तक |
| तकनीकी बिड खोलने की दिनांक | | दिनांक 27.03.2026 को प्रातः 11:00 बजे से |
| वित्तीय बिड खोलने की दिनांक व समय | | Will be Intimated latter to the Technically qualified Bidders |
| बिड की वैधता समयावधि | : | 90 days |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका श्रीमाधोपुर

राज.संवाद/सी/25/22218


# रसद विभाग व तेल कंपनियों की बैठक आयोजित

निसं



**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार गुरुवार को रसद विभाग के अधिकारियों व तेल कम्पनियों के विक्रय अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई तथा रसद विभाग की टीम द्वारा गैस एजेसिंयों की जांच की गई।

बैठक में डीएसओ अंशु तिवाड़ी ने तेल कंपनी प्रतिनिधियों से घरेलू गैस की समुचित आपूर्ति व प्रबंधन की बात कही। इसी क्रम में चूरू जिला रसद कार्यालय की संयुक्त टीम द्वारा जिले में 2 गैस एजेंसी बगड़िया भारत गैस एजेंसी एवं एल एण्ड एल भारत गैस एजेंसी की जांच की गई। दोनों गैस एजेन्सियां नियमित पाई गई। टीम में डीएसओ अंशु तिवाड़ी, सुजानगढ़ प्रवर्तन निरीक्षक सम्पत कुमार, तारानगर प्रवर्तन निरीक्षक जीतू सिंह च चूरू प्रवर्तन निरीक्षक सीमा जूनवाल शामिल रहे।

डीएसओ अंशु तिवाड़ी ने बताया कि जिले में गैस एजेन्सियों व गैस सिलेण्डरों की अवैध भण्डारण एवं कालाबाजारी की जांच हेतु 3 सदस्य जांच दल गठित कर दिया गया है तथा कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। यदि किसी गैस एजेन्सी, वेंडर या अन्य व्यक्ति द्वारा सिलेण्डरों की जमाखोरी, कृत्रिम अभाव पैदा करना या निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर विक्रय करना पाया जाता है तो संबंधित के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 तथा एलपीजी एक्ट, 2000 की सुसंगत धाराओं के तहत कठोर दंडात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# गृह रक्षा स्वयंसेवकों की नामांकन प्रक्रिया 16 से प्रारंभ

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र सीकर कमाण्डेन्ट राजेश यादव ने बताया कि गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र, सीकर, झुन्झुन, चूरू के अभ्यर्थियों की नामांकन प्रक्रिया 16 मार्च से 29 मार्च 2026 तक परेड ग्राउण्ड, पुलिस लाईन, सीकर पर आयोजित की जायेगी। नामांकन प्रक्रिया निदेशालय, गृह रक्षा राजस्थान, जयपुर द्वारा गठित चयन समिति (बोर्ड) के सदस्यों द्वारा सम्पन्न की जायेगी। जिसमें केन्द्र, के समादेष्टा, गण समादेष्टा, गृह रक्षा महानिदेशक के प्रतिनिधि एवं जिला पुलिस अधीक्षक के प्रतिनिधि सदस्य के रूप में उपस्थित रहेंगे। 14 दिनों तक चलने वाली इस नामांकन प्रक्रिया में जिला सीकर की 67, झुन्झुनूं की 15 एवं चूरू की 52 रिक्तियों (कुल रिक्तियां 134) के विरुद्ध जिला सीकर से 21024, झुन्झुनूं से 13370 एवं चूरू से 7003 प्राप्त आवेदनों के कुल 44497 अभ्यर्थी भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि प्रत्येक अभ्यर्थी को मोबाइल पर एवं ई-मेल द्वारा सूचना प्रेषित की जायेगी तत्पश्चात अभ्यर्थी दिये गये लिंक अथवा विभागीय वेबसाइट पर जाकर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। गृह रक्षा स्वयंसेवकों की नामांकन प्रक्रिया लगभग 3 सप्ताह तक चलने की सम्भावना है। जिसके लिए अलग-अलग जिलों के अभ्यर्थियों को अलग-अलग समय पर उपस्थिति देने के लिए बुलाया जायेगा। सभी अभ्यर्थियों से सम्बन्धित प्रवेश पत्र में वर्णित महत्वपूर्ण निर्देशों की पूर्ण पालना की जानी आवश्यक है। उन्होंने बताया कि संबंधित अभ्यर्थी को निर्धारित समय, दिनांक एवं स्थान पर आवश्यक मूल दस्तावेजों जिले का मूलनिवास, आयु प्रमाण-पत्र, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण-पत्र, विशेष योग्यता प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, चिकित्सकीय प्रमाण-पत्र, विवाह प्रमाण-पत्र एवं पुलिस सत्यापन प्रमाण-पत्र एवं प्रवेश पत्र के साथ संलग्न महत्वपूर्ण अन्य सभी दिशा-निर्देशों की पालना करनी आवश्यक होगी।


## कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति श्रीमाधोपुर (सीकर)

क्रमांक :- 1182 दिनांक :- 06/03/2026

**निविदा सूचना संख्या 05/2025-26**

कृषि उपज मण्डी समिति श्रीमाधोपुर द्वारा दिनांक 31.03.2027 तक के लिए निम्न कार्य/सेवाएं/व्यवस्थायें/सामग्री क्रय दरों का अनुबन्ध/ठेका किये जाने हेतु इच्छुक निविदादाताओं से निम्नानुसार निर्धारित प्रपत्र में मोहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | विवरण | अनुमानित लागत (लाख रूपये में) | धरोहर राशि (रूपये में) | निविदा फार्म शुल्क | निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम दिनांक व समय | निविदा फार्म जमा करने की दिनांक व समय | निविदा फार्म खोलने की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | सफाई व्यवस्था ठेका (6 व्यक्ति) | 8.00 | 16000 | 500/- | 24/03/2026 11.00 AM तक | 24/03/2026 12.00 PM तक | 24/03/2026 01.00 PM |
| 2 | प्रकाश एवं जल व्यवस्था ठेका (1 व्यक्ति) | 1.50 | 3000 | 500/- | | | |
| 3 | जल सप्लाई (टैंकर) (5000 लीटर प्रति टैंकर) | 4.00 | 8000 | 500/- | | | |
| 4 | प्रिटिंग एवं स्टेशनरी (कार्यालय एवं व्यापारी) | 1.50 | 3000 | 500/- | | | |
| 5 | कियोस्क संचालन (1 से 3) | ––– | | 500/- | दिनांक 24/03/2026 को दोपहर 2 बजे खुली बोली द्वारा होगी। | | |

निविदा से सम्बन्धित अन्य शर्ते किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय समय में अवलोकन की जा सकती है। धरोहर राशि तथा निविदा प्रपत्र शुल्क डी.डी./बैंकर चैक/नकद प्राप्त किया जावेगा। निविदा का अवलोकन www.sppp.raj.nic.in व विभागीय पोर्टल agriculture.rajasthan.gov.in पर भी किया जा सकता है। निवेदायें दो पृथक – पृथक लिफाफों मे अलग–अलग तकनिकी एवं वित्तीय प्रस्ताव के रूप में प्रस्तुत करनी है। निविदा स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार मण्डी समिति को होगा।

प्रशासक सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति, श्रीमाधोपुर (सीकर)

राज.संवाद/सी/25/22231 NIB Code : DAM2526A0821

# साइबर अपराध रोकने को संचार तंत्र मजबूत करें : शर्मा

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** डीजीपी राजीव कुमार शर्मा की अध्यक्षता में गुरुवार को राजस्थान पुलिस मुख्यालय में साइबर क्राइम शाखा की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में साइबर अपराधों की रोकथाम, त्वरित कार्रवाई और पीड़ितों को शीघ्र सहायता उपलब्ध कराने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। डीजीपी शर्मा ने निर्देश दिए कि साइबर क्राइम हेल्पलाइन सहित उपलब्ध संचार तंत्र को और अधिक सुदृढ़ किया जाएए ताकि पीड़ितों को त्वरित राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए उपलब्ध तंत्र को की तर्ज पर अधिक सक्रिय और प्रभावी बनाया जाए। साथ ही आर4सी की एसओपी तय कर मासिक समीक्षा के लिए बिंदु निर्धारित करने तथा आवश्यक उपकरण और मानव संसाधन के प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। डीजीपी ने पिछले वर्ष चलाए गए जागरूकता कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए कहा कि तकनीकी संसाधनों का बेहतर उपयोग कर साइबर अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने साइबर अपराधों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रत्येक दूसरे माह अलग-अलग प्रकार के अभियान चलाने के भी निर्देश दिए।

साइबर अपराध पीड़ितों को तुरंत राहत पहुंचाने के लिए हेल्पलाइन नंबर 1930 को और मजबूत बनाने के निर्देश देते हुए उन्होंने इसकी लाइनों की संख्या 11 से बढ़ाकर 17 करने के आदेश दिए। आवश्यकता के अनुसार इसे आगे भी बढ़ाने का सुझाव दिया गया, ताकि पीड़ितों को समय पर सहायता मिल सके। बैठक में संजय अग्रवाल, वी.के. सिंह, कुंवर राष्ट्रदीप और विकास शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी साइबर अपराधों की रोकथाम और अनुसंधान प्रक्रिया को और प्रभावी बनाने के सुझाव दिए।

इस दौरान शांतनु सिंह ने साइबर क्राइम यूनिट की विभिन्न शाखाओं, उनकी कार्यप्रणाली और अब तक की उपलब्धियों पर प्रस्तुतीकरण दिया।

# सांसद ओला ने दिए साढ़े आठ लाख रूपए

## पॉवर हाउस के सामने बनेगा नया ट्यूबवैल

संजय सोनी



**झुंझुनू (नवयत्न)।** सांसद बृजेंद्र ओला ने कस्बे के खेतड़ी रोड पॉवर हाउस के सामने के क्षेत्र में रहने वाले लोगों की समस्याओं का समाधान करते हुए एक ट्यूबवैल बनाने के लिए साढ़े आठ लाख रूपए अपने सांसद कोटे से दिए है। नगर युवक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष कपिल भगेरिया व युवा नेता बृजेश पूनियां ने बताया कि इस इलाके का ट्यूबवैल जब से खराब हुआ है। तभी से सांसद ओला नए ट्यूबवैल को बनवाने के लिए प्रयासरत थे। पहले उन्होंने साढ़े छह लाख रूपए की स्वीकृति दे दी थी। लेकिन जलदाय विभाग के नियमों और इसके निर्माण के लिए साढ़े आठ लाख रूपए की जरूरत थी। जब सांसद ओला के सामने इस समस्या को रखा गया। तो उन्होंने तुरंत अपने सांसद कोटे से नई स्वीकृति देते हुए साढ़े आठ लाख रूपए देने का पत्र संबंधित अधिकारियों को भेज दिया है। इस ट्यूबवैल का निर्माण कार्य जल्द शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि कुछ लोगों को इस स्वीकृति की जानकारी मिली तो वे बेवजह अपनी राजनीति चमकाने के लिए तरह-तरह के आरोप और बातें कर रही है। जबकि इस ट्यूबवैल के लिए सांसद ओला ने अपने कोटे से पैसे दिए है। साथ ही वादा किया है कि समस्या समाधान के लिए और भी पैसे की जरूरत होगी। तो वे हर समय तैयार है। क्षेत्र के लोगों का प्रतिनिधिमंडल जल्द ही ओला से मिलकर इसके लिए आभार जताएगा। सरकारी प्रक्रिया पूरी होते ही इस ट्यूबवैल का काम शुरू हो जाएगा।

# उप निरीक्षक/प्लाटून कमांडर प्रतियोगी परीक्षा के आयोजन को लेकर दिए निर्देश

निसं

**चूरू (नवयत्न)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने आदेश जारी कर उप निरीक्षक/प्लाटून कमांडर प्रतियोगी परीक्षा-2025 के लिए चूरू जिला मुख्यालय व रतनगढ़ उपखंड क्षेत्र में विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर 05 व 06 अप्रैल, 2026 को प्रतिदिन दो पारी (सवेरे 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक सामान्य हिन्दी के प्रश्न पत्र तथा दोपहर 03 बजे से सायं 05 बजे तक सामान्य ज्ञान व विज्ञान विज्ञान के प्रश्न पत्र) में परीक्षा के पारदर्शिता एवं सुचारू संचालन हेतु अधिकारियों को दायित्व सौंपते हुए समुचित निर्देश दिए हैं। जारी आदेशानुसार पुलिस विभाग व चूरू उपखंड अधिकारी को परीक्षा केन्द्रों पर अनुचित साधनों का उपयोग को सख्ती से रोके जाने, साइबर सेल को सक्रिय करने व असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने, डीईओ माध्यमिक व केन्द्राधीक्षकों को परीक्षा केन्द्रों पर राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम के अध्युपाय) अधिनियम, 2022 से संबंधित प्रावधान का पेम्पलेट चस्पा करवाने, चूरू व सुजानगढ़ जिला परिवहन अधिकारी तथा राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम लिमिटेड चूरू व सरदारशहर आगार प्रबंधक को परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए रोडवेज बसों का शेड्यूल तय करने सहित अन्य अधिकारियों को समुचित निर्देश दिए गए हैं।

# किडनी ट्रांसप्लांट के क्षेत्र में शैल्बी हॉस्पिटल का कमाल

## एक ही छत के नीचे 10 मरीजों का सफल उपचार

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** जयपुर स्थित शैल्बी हॉस्पिटल ने चिकित्सा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पड़ाव पार करते हुए 10 सफल किडनी ट्रांसप्लांट पूरे कर लिए हैं। इस उपलब्धि के अवसर पर अस्पताल के वरिष्ठ यूरोलॉजिस्ट डॉ. संजय बिनवाल, डॉ सुभाष कटारिया और नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. कविश शर्मा ने बताया कि अनुभवी मेडिकल टीम और अत्याधुनिक तकनीक की मदद से इन जटिल सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया है। वर्तमान में सभी 10 मरीज पूरी तरह स्वस्थ हैं और रिकवरी की प्रक्रिया में हैं। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, अब राजस्थान के मरीजों को किडनी से जुड़ी जटिल समस्याओं और ट्रांसप्लांट के लिए दूसरे बड़े शहरों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं है, क्योंकि यहाँ विश्वस्तरीय उपचार सुलभ कराया जा रहा है। अस्पताल के कॉम्प्रिहेंसिव डिपार्टमेंट ऑफ रीनल साइंसेस में मरीजों को एक ही छत के नीचे जांच, डोनर मूल्यांकन, सर्जरी और पोस्ट-ऑपरेटिव केयर की संपूर्ण सुविधा मिल रही है।

नेफ्रोलॉजी, यूरोलॉजी और क्लिनिकल फार्माकोलॉजी जैसे विशेषज्ञों की संयुक्त टीम यहाँ क्रॉनिक किडनी डिजीज और डायलिसिस जैसी समस्याओं का बहु-आयामी इलाज प्रदान कर रही है। सीएओ अंकित पारीक और डिप्टी सीएओ विशाल शर्मा ने साझा किया कि अस्पताल का मुख्य उद्देश्य मरीजों को न केवल जटिल बीमारियों से राहत देना है, बल्कि उन्हें एक बेहतर और सामान्य जीवन जीने का अवसर प्रदान करना है।

# भागवत कथा में पहुंची उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी



निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी गुरुवार को विद्याधर नगर क्षेत्र के दादी का फाटक इलाके में जन समस्या निवारण मंच की ओर से आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने कथावाचक आचार्य आकाश गौतम के श्रीमुख से श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण किया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज में धर्म, संस्कृति और सदाचार के मूल्यों को मजबूत करने का माध्यम है। ऐसे आयोजन लोगों को आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करते हैं और समाज को सकारात्मक दिशा देते हैं।

उन्होंने आयोजन से जुड़े श्रद्धालुओं और आयोजकों को शुभकामनाएं देते हुए समाज में धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

# एसडीएम ने शिविर में सुनी जनसमस्याएं

निसं



**चूरू (नवयत्न)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार गुरुवार को चूरू एसडीएम सुनील कुमार ने चूरू पंचायत समिति सभागार में अटल जन सेवा शिविर में जनसमस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों से विचार-विमर्श कर आवश्यक निर्देश दिए। एसडीएम ने सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को अपने विभाग की योजनाएं आमजन तक पहुंचाने के निर्देश दिए। अटल जन सेवा शिविर में राजस्व, नगरपालिका, बिजली, पानी, सांख्यिकी से संबंधित कुल 12 परिवेदनाएं प्राप्त हुईं, जिनमें से 08 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस दौरान तहसीलदार अशोक गोरा, बीडीओ महेंद्र कुमार भार्गव, बीसीएमओ डॉ जगदीश भाटी, पीएचईडी से प्रेम कुमार, विद्युत विभाग से वीएल सैनी, पीए सुरेश कुमार, सीमा, रघुवीर सिंह, हिमांशु महला, पूजा मीणा, प्रोग्रामर इंद्राज सिंह आदि उपस्थित रहे।

# राज्यमंत्री हीरालाल नागर 17 मार्च को झुंझुनू दौरे पर

बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू (नवयत्न)।** ऊर्जा विभाग के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार हीरालाल नागर 17 मार्च को झुंझुनू जिले के दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे प्रातः 9:30 बजे जयपुर से प्रस्थान कर दोपहर 12:30 बजे झुंझुनू पहुंचेंगे। इसके बाद दोपहर 2:30 बजे गोल्याना में नव निर्मित सहायक अभियंता कार्यालय का उद्घाटन व लोकार्पण करेंगे। दौरे के दौरान मंत्री नागर विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी करेंगे। इसके पश्चात शाम 6 बजे झुंझुनू से प्रस्थान कर रात्रि 9:30 बजे जयपुर पहुंचेंगे।

# आज 2 घंटे विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी

निसं

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** कार्यालय सहायक अभियन्ता जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ने जानकारी देते हुए बताया कि 132 केवी जीएसएस पर मेन्टेनेन्स किये जाने के कारण 132 केवी जीएसएस संचालित 11 केवी रतनगढ़, 11 केवी आईटीआई, 11 केवी वाटर वर्क्स व 11 केवी हॉस्पीटल की विद्युत सप्लाई आज शुक्रवार को सुबह 8 बजे से 10 बजे तक बन्द रहेगी। इससे सम्बन्धित प्रभावित क्षेत्र घण्टाघर, अशोक स्तम्भ, मुख्य गेनानी के पास, धमड़ीयों की ढाणी, सरदारशहर रोड हनुमान नगर तथा इससे सम्बन्धित अन्य क्षेत्र में विद्युत सप्लाई भी बन्द रहेगी।

# दो परामर्शदाताओं की नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित, अंतिम तिथि 25 मार्च

जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू (नवयत्न)।** पारिवारिक न्यायालय, झुंझुनू में दो परामर्शदाताओं काउंसलर की नियुक्ति की जानी है। यह नियुक्ति राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर तथा पारिवारिक न्यायालय राजस्थान नियम, 1991 के प्रावधानों के अनुसार की जाएगी। इच्छुक एवं निर्धारित शैक्षणिक योग्यता रखने वाले अभ्यर्थी अपने आवेदन-पत्र रजिस्ट्रार जनरल, राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर के नाम संबोधित कर मार्फत न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय, झुंझुनू के माध्यम से पारिवारिक न्यायालय, झुंझुनू में जमा करा सकते हैं। आवेदन जमा कराने की अंतिम तिथि 25 मार्च निर्धारित की गई है। आवेदन पत्र कार्यालय समय में दोपहर 12:30 बजे तक स्वीकार किए जाएंगे। परामर्शदाताओं को देय फीस व भत्तों के संबंध में माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर द्वारा जारी आदेश व निर्देश ही मान्य होंगे। इच्छुक अभ्यर्थी अधिक जानकारी के लिए जिला न्यायालय झुंझुनू की वेबसाइट से आवेदन पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। ध्यान रहे कि एक आवेदक केवल एक ही फैमिली कोर्ट के लिए आवेदन कर सकता है।

# नि: शुल्क मोतियाबिंद जांच और लेंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित



निसं

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** लायंस क्लब श्रीमाधोपुर, सहाय हॉस्पिटल मोती डूंगरी, जयपुर एवं आई रिसर्च सेंटर समिति द्वारा जिला स्वास्थ्य समिति (अंधता) निवारण जयपुर के सौजन्य से गुरूवार को राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीमाधोपुर में आयोजित 57वें नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर में 110 मरीजों की आंखों की जांच की गई और 21 मरीज का चयन ऑपरेशन के लिए किया गया।

क्लब के सीताराम सैनी पूर्व वैज्ञानिक ने बताया कि शिविर में विशेष सहयोग दुर्गा प्रसाद गोयल एवं ललिता गोयल, ऊंझा, गुजरात का रहा। ऑपरेशन के लिए चयनित सभी मरीजों को क्लब ने फल एवं बिस्किट के पैकेट भी दिए। शिविर में लायन सीताराम सैनी, सागरमल हलवाई, ललित कुमार सैनी और जिनेंद्र शर्मा ने सेवाएं दी।

# क्रिप्टो निवेश और सस्ती स्कॉर्पियो के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का एजेंट गिरफ्तार

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** स्पेशल ऑपरेशन्स ग्रुप एसओजी ने सोशल मीडिया पर क्रिप्टो निवेश और सस्ते दाम में महंगी गाड़ियां दिलाने का लालच देकर करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले गिरोह के सहयोगी एजेंट सुरेश सैनी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में मुख्य आरोपी बंशीलाल उर्फ प्रिंस सैनी, ममता भाटी और दिनेश बागड़ी को पहले ही गिरफ्तार कर 18 दिसंबर 2025 को न्यायालय में चालान पेश किया जा चुका है। एसओजी के एडीजी विशाल बंसल ने बताया कि आरोपी सुरेश सैनी का भोपालगढ़ में जेसीबी रिपेयर वर्कशॉप है। क्षेत्र में पहचान होने के कारण उसने ग्रामीणों को झांसे में फंसाया। कमीशन के रूप में उसने अपने भाई के नाम पर एक स्कॉर्पियो गिरोह के सरगना से प्राप्त की थी, जिसे एसओजी ने जब्त कर लिया है। आरोपी को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, जयपुर महानगर द्वितीय के समक्ष पेश कर पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। जांच में सामने आया कि गिरोह ने सोशल मीडिया पर ऊंचा रिटर्न देने का झूठा वादा कर एक वेबसाइट बनाई और मात्र 250 रुपये में आईडी बनाकर करीब 82 हजार लोगों को जोड़ा। इसके जरिए लगभग 2 करोड़ रुपये वसूले गए। बाद में हार्वेस्ट एआई टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड नाम से कंपनी बनाकर खुद को डायरेक्टर और मंगेतर ममता सैनी को को डायरेक्टर बताया तथा एचबीटी कॉइन लॉन्च करने का भ्रामक प्रचार किया। एडीजी ने बताया कि निवेश आकर्षित करने के लिए फेसबुक और इंस्टाग्राम पर 5.90 लाख रुपये में स्कॉर्पियो और 12 लाख रुपये में फॉर्च्यूनर देने का प्रलोभन दिया गया, जिसके जरिए 4 करोड़ 92 लाख 44 हजार रुपये जमा कराए गए। इसके अलावा 40 लोगों से लिखित एग्रीमेंट कराकर 15 करोड़ रुपये और वसूले गए। 15 अक्टूबर 2025 को भोपालगढ़ में ऽडबल सेंचुरी रिवार्ड सेरेमनी आयोजित कर 250 स्कॉर्पियो देने की घोषणा की गई, जिसमें 251 लोगों से करीब 15 करोड़ रुपये ठगे गए। जांच में यह भी सामने आया कि सुरेश सैनी ने ग्रामीण क्षेत्रों में 6 लाख रुपये में स्कॉर्पियो देने का लालच देकर 56 लोगों से करीब 3.5 करोड़ रुपये जमा कराए और कंपनी में 1173 आईडी लगाकर 28 लाख रुपये और जुटाए। ठगी की रकम से आरोपियों ने महंगी गाड़ियां खरीदी और विलासिता पर खर्च किया। एसओजी ने आमजन से अपील की है कि किसी भी ऊंचे मुनाफे वाली क्रिप्टो, ऑनलाइन ट्रेडिंग या सोशल मीडिया निवेश योजना में पैसे लगाने से पहले उसकी विश्वसनीयता की जांच अवश्य करें और संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत नजदीकी थाने या एसओजी को दें।

# नवरात्रा में होगा 151 कन्याओं का पूजन, 9 दिनों तक होंगे धार्मिक आयोजन

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** माँ जीण माता नागरिक परिषद एवं भंवरी देवी प्रजापत की प्रेरणा से विनोद कुमार-सीताराम प्रजापत के संयुक्त तत्वावधान में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर बसंत नवरात्रि महोत्सव 19 से 27 मार्च तक कंन्दोई बिल्डिंग के पीछे मालियों के चौक मे आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम संयोजक आदुराम सैनी ने बताया की 19 मार्च को माँ के नवरात्रि की घटस्थापना विधिवत रूप से शुभ मुहूर्त में किया जाएगा। फूलों से माँ का दरबार सजा कर श्रृंगारित किया जाएगा तथा हर्ष भेरूजी व जीण माताजी की अखंड ज्योत को प्रज्वलित किया जाएगा। नौ दिन तक चलने वाले महोत्सव में प्रतिदिन सुबह-शाम आरती व विभिन्न प्रकार के भोग अर्पित किये जायेंगे एवं प्रतिदिन दोपहर मे-दुर्गा . सप्तशती का पाठ और जीण चालीसा का 21 बार पाठ रोजाना माँ के भक्तों द्वारा किया जायेगा। शाम को संगीतमय भजनो की प्रस्तुति छापर के प्रख्यात भजन सम्राट साहिल-सलीम चुनकर एन्ड पार्टी, योगेश चतुर्वेदी एंड पार्टी द्वारा दी जाएगी। रामनवमी को 151 कन्याओ का पूजन कर माँ जीण माताजी की प्रतिमाये भेंट कर प्रसाद वितरण किया जायेगा। वेद प्रकाश जांगिड़, सरोज-सजना सैनी, बजरंग सैनी, श्याम-सुभाष टाक, देवाराम, अजीतमल, बाबूलाल टाक, सुशीला-कौशल प्रजापत, प्रताप-गौरी सैनी, राहुल सोनी, दीपक बासनीवाल, सीताराम माली व हर्ष प्रजापत आदि लोग कार्यक्रम की तैयारी में जुटे हुए हैं।

# पुलिस कमिश्नर कल करेंगे जनसुनवाई

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** जयपुर पुलिस के पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय कायम रखने के उद्देश्य से 14 मार्च शनिवार को पुलिस थाना भांकरोटा में जनसुनवाई करेंगे। यह जनसुनवाई दोपहर 11:30 बजे से 1:30 बजे तक आयोजित होगी। इस दौरान बगरू सर्किल के बगरू, सेज, भांकरोटा और बिंदायका थाना क्षेत्रों से जुड़े परिवादियों की समस्याएं सुनी जाएंगी। जनसुनवाई का उद्देश्य क्षेत्र के लोगों की शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर उन्हें राहत पहुंचाना है। जयपुर पुलिस के अनुसार इस पहल से पुलिस और आमजन के बीच संवाद मजबूत होगा तथा लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण में मदद मिलेगी।



# प्रिंस लोटस वैली में ग्रेजुएशन सेरेमनी आयोजित

निसं

**सीकर (नवयत्न)।** पालवास रोड, सीकर सीकर स्थित सीबीएसई इंग्लिश मीडियम स्कूल प्रिंस लोटस वैली में प्री-प्राइमरी विंग के विद्यार्थियों हेतु ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया गया। दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ शुरू हुए कार्यक्रम में नन्हे.मुन्ने विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं स्पीच दी गई। विद्यार्थियों को ग्रेजुएशन कैप पहनाकर व सर्टिफिकेट प्रदान करके मंच पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकों ने भी शिरकत की। प्रिंसिपल पूनम चौहान ने कहा कि प्रिंस लोटस वैली में प्री-प्राइमरी व प्राइमरी कक्षाओं के विद्यार्थियों को शैक्षणिक के साथ-साथ एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटीज एवं स्पोर्ट्स का नियमित एक्स्पोजर दिया जाता है।

# पंच कुंडीय महायज्ञ आयोजित



निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** मुरलीपुरा रोड नंबर एक के शिव नगर प्रथम स्थित कुकड़ेश्वर महादेव मंदिर परिसर में पंच कुंडीय महायज्ञ का आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम के संयोजक समाजसेवी गोपाल शर्मा ने बताया कि इस धार्मिक अनुष्ठान में क्षेत्र के अनेक श्रद्धालुओं ने भाग लेकर यज्ञ में आहुतियां अर्पित कीं और धर्म लाभ प्राप्त किया। सह संयोजक विष्णु सैनी ने बताया कि यज्ञ के मुख्य यजमान के रूप में अरुण कुमार पांडे ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर यज्ञ में आहुतियां दीं। आचार्य लीलाधर शर्मा ने 11 विद्वानों साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ संपन्न करवाया। लोकचंद हरीरामानी, नगेन्द्र वशिष्ठ, भुवनेश तिवाड़ी, काशीनाथ दीक्षित, हरि सैनी, इंद्र शर्मा, अंजली शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर (राज.) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190